


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 206 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 10 मई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## छत्तीसगढ़ के तीन शहीद जवानों को सर्वोच्च बलिदान के लिए मिला कीर्ति चक्र, राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

- राष्ट्रपति के हाथों शहीद जवानों के परिजनों ने ग्रहण किया कीर्ति चक्र
- जवानों को कीर्ति चक्र मिलना परिवारजनों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षणः मुख्यमंत्री बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने छत्तीसगढ़ के तीन शहीद जवानों को नक्सल ऑपरेशन में सर्वोच्च साहस और बलिदान के लिए कीर्ति चक्र से सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नक्सली हमले में वीरगति को प्राप्त तीनों शहीद जवानों को नमन किया और उनके परिजनों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जवानों के सर्वोच्च साहस और बलिदान के लिए कीर्ति चक्र मिलना परिवारजनों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण है।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित गरिमामय समारोह में छत्तीसगढ़ में नक्सल ऑपरेशन में शहीद उपनिरीक्षक दीपक भारद्वाज, शहीद प्रधान आरक्षक सोढ़ी नारायण तथा शहीद एसटीएफ प्रधान आरक्षक श्रवण कश्यप के परिजनों को कीर्ति चक्र प्रदान किया। समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने शहीद दीपक भारद्वाज की पत्नी श्रीमती प्रंतिका भारद्वाज, शहीद आरक्षक सोढ़ी नारायण की पत्नी श्रीमती सुशीला सोढ़ी और एसटीएफ प्रधान आरक्षक शहीद श्रवण कश्यप की पत्नी श्रीमती दुतिका कश्यप को कीर्ति चक्र प्रदान किया। इन तीनों जवानों को राष्ट्रपति द्वारा बस्तर अंचल के बीजापुर जिले में हुए नक्सल ऑपरेशन में सर्वोच्च साहस और बलिदान के लिए कीर्ति चक्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।





शहीद श्रवण कश्यप



शहीद सोढ़ी नारायण



शहीद दीपक भारद्वाज

गौरतलब है कि उपनिरीक्षक शहीद दीपक भारद्वाज छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले के मालखरौदा के पिहरीद, आरक्षक शहीद सोढ़ी नारायण बीजापुर जिले पुनुर और एसटीएफ प्रधान आरक्षक शहीद श्रवण कश्यप बस्तर जिले के बनिया गांव के रहने वाले थे।

## खास - खबर

### मोबाइल तोड़ने से नाराज बदमाश ने युवक की कर दी हत्या, सिर पर पत्थर मारकर की हत्या, एक घंटे में पकड़ाया आरोपी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के धमधा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह युवक की हत्या कर दी गई। मंगलवार की रात को आपसी विवाद के बाद एक युवक ने दूसरे युवक का मोबाइल तोड़ दिया। इसके बाद दूसरे दिन बुधवार की सुबह बदमाश ने युवक को सिर पर भारी पत्थर मार कर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद धमधा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

धमधा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सतनामी पारा ग्राम दारगांव निवासी निखिल बंजारे पिता उत्तम बंजारे (20) की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। दरअसल एक दिन पहले मंगलवार की शाम को मुकेश मिर्चा नाम के युवक के साथ निखिल बंजारे की किसी बात को लेकर तीखी बहस हो गई थी। इस दौरान गुस्से में आकर निखिल बंजारे ने मुकेश मिर्चा का मोबाइल लिया और उसे तोड़ दिया। इससे मुकेश मिर्चा काफी नाराज हुआ।

रात को वाद विवाद के बाद दोनों अपने अपने घर चले गए। बुधवार की सुबह लगभग 8 से 8:30 के बीच निखिल बंजारे व मुकेश मिर्चा दोबारा मिले। इस बीच दोनों में फिर से विवाद शुरू हुआ। इस दौरान मुकेश मिर्चा ने बड़ा सा पत्थर लिया और निखिल के सिर पर पटक दिया। इससे निखिल लहूलुहान हालत में वहीं गिर पड़ा। इसके बाद मुकेश वहां से फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों ने गांव वालों के साथ मिलकर अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## सीजी बोर्ड 10वीं व 12वीं के रिजल्ट घोषित

# 12वीं में विधि भोसले तो 10वीं में राहुल यादव ने किया टॉप, सीएम ने दी बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आज छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल (कक्षा-दसवीं) एवं हायर सेकेंडरी (कक्षा-बारहवीं) की मुख्य परीक्षा परिणाम की घोषणा की। हाईस्कूल (कक्षा-दसवीं) एवं हायर सेकेंडरी (कक्षा-बारहवीं) की मुख्य परीक्षा परिणाम की घोषणा के साथ ही 12वीं व 10वीं के टॉपर के नाम भी सामने आ गए हैं। हायर सेकेण्डरी में विधि भोसले ने टॉप किया। इन्हें 500 में से 491 अंक मिले। इसी प्रकार दसवीं में राहुल यादव ने टॉप किया है। राहुल को 600 में से 593 अंक मिले। इस मौके पर संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव, मंडल के अध्यक्ष डॉ. आलोक शुक्ला उपस्थित रहे।



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2023 में कुल 3,28,121 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें से 3,23,625 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 1,43,919 बालक तथा 1,79,706 बालिकायें सम्मिलित हुई, जिनमें से 3,23,266 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की कुल संख्या 2,58,500 है। कुल 79.96 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 83.64 तथा बालकों का प्रतिशत 75.36 है। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 87,140 (26.96 प्रतिशत) है, द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 1,45,965 (45.15 प्रतिशत) है तथा तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 25,377 (7.85 प्रतिशत) है। 18 परीक्षार्थी पास श्रेणी में उत्तीर्ण हुये हैं। 22,751 परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता है।

इसी प्रकार हाईस्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2023 में कुल 3,37,569 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें से 3,30,681 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 1,52,891 बालक तथा 177,790 बालिकायें सम्मिलित हुई, जिनमें से 3,30,055 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। परीक्षार्थियों में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 1,09,903 (33.30 प्रतिशत) है, द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 1,19,901 (36.32 प्रतिशत) है तथा तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 17,914 (5.43 प्रतिशत) है। 03 परीक्षार्थी पास श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

### टॉपर विद्यार्थी करेंगे हेलीकाप्टर की सैर-सीएम बघेल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ली गई 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में सफल सभी परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस दौरान उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हेलीकॉप्टर राइड कराया जाएगा।

अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जिन बच्चों को आशा अनुरूप परिणाम प्राप्त नहीं



हुआ है उन्हें सीख लेते हुए आगे और मेहनत करना चाहिए। असफलता ही सफलता की सीढ़ी है, इसको ध्यान में रखते हुए वे निराश न हों और पुनः मेहनत से पढ़ाई करके सफलता प्राप्त करें।



### स्वामी आत्मानंद स्कूल का कमाल

सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा- बताते हुए संतोष है कि कक्षा दसवीं में टॉप 10 में 48 छात्रों में से 10 छात्र स्वामी आत्मानंद स्कूल से हैं, रैंक 1 और रैंक 2 पर आने वाले छात्र भी स्वामी आत्मानंद स्कूल से हैं। साथ ही कक्षा बारहवीं में टॉप 10 में 30 छात्रों में से 5 छात्र स्वामी आत्मानंद स्कूल से हैं। अभी तो यह शुरुआत है...

## खुशखबरीः भारतीय रेलवे ट्रेनों में बच्चों के लिए करने जा रहा यह बड़ा बदलाव, शुरू होने वाला ट्रायल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोजाना करोड़ों लोग भारतीय ट्रेनों में सफर करते हैं। ऐसे में यात्रियों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इसी को देखते हुए भारतीय रेलवे देशभर में कई ट्रेनों का संचालन कर रहा है। इन ट्रेनों में यात्रियों की सुविधा और उनकी सुरक्षा को देखते हुए कई नियमों को बनाया गया है। इसके अलावा समय समय पर भारतीय रेलवे द्वारा कई नियमों में बदलाव किया जाता रहता है। इसी कड़ी में भारतीय रेलवे बच्चों के सफर को लेकर एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है। इस बदलाव से जो यात्री अपने बच्चों के साथ सफर करते हैं। उनको काफी फायदा होने वाला है। ऐसे में अगर आप अपने बच्चों के साथ ट्रेनों में सफर करते हैं। इस स्थिति में आपको भारतीय रेलवे द्वारा बदलने जा रहे इस नियम के बारे में पता होना चाहिए।



आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कुछ समय पहले ट्रायल के तौर पर बेबी बर्थ की सुविधा को भारतीय ट्रेनों में शुरू किया गया था। इसी को लेकर भारतीय रेलवे ने अब बेबी बर्थ की सीट को नई डिजाइनिंग में पेश किया है। बेबी बर्थ की यह नई डिजाइनिंग पहले के मुकाबले ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक है। ऐसे में भारतीय रेलवे बेबी बर्थ को लेकर दूसरा ट्रायल भी शुरू करने वाला है।

### भारतीय रेलवे ला रहा है बेबी बर्थ की सुविधा, सफर होगा आरामदायक

ट्रायल को सफलतापूर्वक अंजाम देने के बाद सभी भारतीय ट्रेनों में बेबी बर्थ की सीटों को लगाया जाएगा। अक्सर देखने को मिलता है कि बच्चों के साथ सफर करने वाली महिलाओं को बर्थ पर कम जगह होने से कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सफर के दौरान मां और बच्चे को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इसी को देखते हुए भारतीय रेलवे बेबी बर्थ की सुविधा भारतीय ट्रेनों में शामिल करने जा रहा है।

## ट्रक से भिड़ गई तेज रफ्तार कार पति-पत्नी व दो मासूम बच्चों की मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा जिले में मोरगा चौकी अंतर्गत मदनपुर फरेस्ट बेरियर के पास तेज रफ्तार ट्रक और कार में आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार पति-पत्नी और उनके दो बच्चों की मौत हो गई। दिल दहलाने वाली यह घटना बुधवार की सुबह करीब पांच बजे की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बाहर निकाला।



मिली जानकारी के अनुसार अंबिकापुर निवासी छत्तीसगढ़ पुलिस में सब इंसपेक्टर मनोज कुमार तिर्की जगदलपुर में में कार्यरत थे। वे अंबिकापुर से जगदलपुर जाने के लिए घर से निकले। इस बीच कोरबा के मदनपुर फरेस्ट बेरियर के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक से कार भिड़ गई। कार में मनोज तिर्की के साथ उसकी पत्नी व दो बच्चे सवार थे। सभी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना के बाद मोरगा चोकी से पुलिस की टीम पहुंची और शवों को बाहर निकलवाया। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। वहीं मामले में पुलिस ने जांच शुरू की है। हादसे के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा कि कोरबा जिले में मोरगा चौकी अंतर्गत मदनपुर फॉरेस्ट बेरियर के पास कार और ट्रक की टक्कर में सब इंस्पेक्टर मनोज तिर्की सहित उनके परिवार के चार लोगों की मृत्यु का समाचार दुखद है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति एवं परिवारजनों को संबल प्रदान करें। उनके परिवारजनों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को दिए हैं।

## नोबेल विजेता रवि ठाकुर भी हुए बंगालियों के

श्रीकंचनपथ



गुस्ताखी माफ

- दीपक रंजन दास

रविन्द्रनाथ टैगोर (ठाकुर) को 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। देश के राष्ट्रगान- जन-गण-मन के रचयिता कविगुरू रविन्द्रनाथ ठाकुर अब केवल बंगालियों के होकर रह गए हैं! 9 मई को उनकी 162वीं जयंती थी। भिलाई के कालीबाड़ियों (काली मंदिर) में इस अवसर पर कुछ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में सिर्फ बंगाली ही दिखाई दिए - वो भी लगभग सभी 50 पार के। इनमें भी 60 पार करने वाले ही ज्यादा थे। कविगुरू सिर्फ कवि और गीतकार ही नहीं थे। वे एक दार्शनिक, नाट्यकार, संगीतकार, चित्रकार, कहानी और उपन्यासकार भी थे। 16 साल की उम्र में वे पहली बार रंगमंच पर आए और अपने भाई द्वारा अनूदित एक नाटक में मुख्य पात्र का किरदार निभाया। 20 वर्ष की उम्र में उन्होंने 'वाल्मीकि प्रतिभा' को मंच पर उतारा। यह एक ड्रामा-ऑपेरा था। 16 साल की उम्र में ही उन्होंने अपनी पहली कविता 'भिखारिन' को जन्म दिया। हजारों कहानियां, उपन्यास, गीत और कविता लिखने वाले इस मनीषी का 7 अगस्त, 1941 को अवसान हो गया। देश को अब उनसे जुड़ी तिथियां तो याद हैं पर उनके कृतित्व की चर्चा कम ही होती है। बंगाल में उनकी कविताओं को स्कूल-कालेज में पढ़ाया जाता है। शायद इसीलिए रविन्द्र संगीत किसी न किसी रूप में जिन्दा है। रविन्द्र नृत्य नाट्य पर भी वहां काफी काम होता है। पर शेष भारत में उन्हें लेकर इतना उत्साह दिखाई नहीं देता। दूसरों को छोड़ भी दें तो स्वयं बंगाली समाज के युवाओं को अब रविन्द्रनाथ आकर्षित नहीं करते। ऐसा नहीं है कि इस समाज में रचनाधर्मी लोगों की कोई कमी है। समाज की युवा पीढ़ी में कवि हैं, गायक भी हैं, संगीतकार भी हैं, फिल्ममेकर भी हैं। चित्रकार, कहानीकार और उपन्यासकार भी हैं। देश में कविताओं का, नाटकों का, यहां तक कि गीतों का भी अनुवाद होता आया है। इनमें से कई मशहूर भी हुए हैं। हाल ही में श्रीलंका का एक गीत खूब वायरल हुआ जिसका अनुवाद लगभग सभी भारतीय भाषाओं में हुआ। पर ऐसा कुछ रविन्द्र संगीत को लेकर नहीं हो पाया। दरअसल, प्रबुद्ध भारतीय समाज तकनीकी रूप से उन्नत पश्चिमी थिएटर जगत के मोहपाश में उलझ कर रह गया। तकनीकी की दीवानगी कुछ ऐसी हुई कि बंगाल-उड़ीसा की जात्रा कला, छत्तीसगढ़ का नाचा-गम्मत जैसे स्थानीय विधाएं सिमटने लगीं। फिल्मकारों ने कमाई को ध्यान में रखकर काम करना शुरू कर दिया। विवादित विषयों पर फिल्मों का जन्म इसी उर्वर पृष्ठभूमि में हुआ। इनका राजनीतिक उद्देश्य भी हो सकता है, पर वह उतना महत्वपूर्ण नहीं है। ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि लोगों की सोई हुई इतिहास चेतना को जगाया कैसे जाए। आज फिल्में, शार्ट फिल्में और वेब सिरीज ही ज्यादा लोकप्रिय हैं। इनमें से अधिकांश में सेक्स और हिंसा के अलावा ज्यादा कुछ नहीं होता। पर कमर्शियल सक्सेस के लिए कंटेंट का सौ टका खरा होना कहां जरूरी है। उसका केवल विश्वसनीय और भड़काऊ होना ही काफी होता है।



## संपादकीय

### हिरासत में इमरान

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी ने पाकिस्तान में लोकतंत्र होने के कई भरम तोड़े हैं। उन्हें हिरासत में लेने की घटना अप्रत्याशित नहीं है, क्योंकि इसकी आशंका तो वह लंबे समय से खुद जताते आ रहे थे, मगर गिरफ्तारी के वक्त उनके साथ जिस तरह का सुलूक हुआ, वह भी अदालत-परिसर में, वह लोकतंत्र होने का दावा करने वाले किसी मुल्क के लिए शर्मनाक बात है। तब तो और, जब वह शख्स एक दौर में अपने मुल्क का सबसे बड़ा खेल 'आइकन' रहा हो और जिसने उसके लिए दुनिया भर में प्रतिष्ठा अर्जित की हो। इमरान वहां अदालती प्रक्रिया का सम्मान करने ही गए थे। बहरहाल, पाकिस्तानी रेंजर्स ने उन्हें जिस अल-कादिर ट्रस्ट मामले में हिरासत में लिया है, उसकी वैधानिकता पर इस्लामाबाद हाईकोर्ट को फैसला करना है, पर आरोप है कि एक यूनिवर्सिटी खोलने के लिए गठित इस ट्रस्ट को गलत तरीके से भूमि दी गई और इमरान खान ने इसकी खातिर अपने पद का दुरुपयोग किया। अल-कादिर ट्रस्ट के दो ही ट्रस्टी हैं- खुद इमरान और उनकी बीवी! पूर्व प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचार के और भी कई आरोप हैं और वह 80 से भी अधिक मुकदमों का सामना कर रहे हैं। पिछले तीन चुनावों से वहां जिस तरह आम चुनाव के बाद सत्ता का शांतिपूर्वक हस्तांतरण हुआ, या कुछ महीने पहले सांविधानिक प्रावधानों के तहत इमरान खान सरकार को सत्ता से बेदखल किया गया, या फौजी सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ आम अवाम व सियासी लोग मुखर हुए, उससे पाकिस्तान ही नहीं, उसके बाहर भी एक हल्की सी उम्मीद बनने लगी थी कि देर-सबेर वहां जम्हूरियत अपनी जड़ें तलाश लेगी। मगर वहां के सियासतदानों ने निराश किया। आतंकियों की हिमायत, शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार और बदले की सियासत ने पाकिस्तान को ऐसी अंधी खोह में धकेल दिया है, जहां से निकलना उसके लिए बेहद कठिन है। इमरान खान ही नहीं, वहां प्रधानमंत्रियों व राष्ट्रपतियों की एक लंबी फेहरिश्त है, जिन्हें अदालतों ने भ्रष्टाचार व बदनीयती के मामलों में सजाएं सुनाई हैं। इमरान खान के राजनीति में आते वक्त लगा था कि वह नई किस्म की सियासत करेंगे और बदहाल पाकिस्तान शायद सही पटरी पर आ जाए। उन्हें तो अवाम की मोहब्बत और फौज की हिमायत, दोनों हासिल थी, मगर उन्होंने पुराने पाकिस्तानी नेताओं की तरह बदले की राजनीति को आगे बढ़ाया और सियासी कौशल की कमी उन्हें एक साथ कई महाज खोलने की ओर लेकर चली गई। वह नवाज शरीफ और आसिफ अली जरदारी से तो उलझे ही, उन्होंने फौजी 'डीप स्टेट' से भी अदावत मोल ली। इमरान ने पाकिस्तान के लिए कुछ करने का एक अच्छा मौका गंवा दिया। सत्ता से बेदखल होने के बाद भी कानूनी व राजनीतिक लड़ाई को वह अराजक भीड़ की बदौलत जीतना चाहते हैं। मगर उनकी राह अब आसान नहीं है। नवाज शरीफ का उदाहरण सामने है। इमरान के खिलाफ इतने सारे मुकदमे हैं कि सत्तारूढ़ गठजोड़ उन्हें शायद ही कोई मोहलत दे। लेकिन इन सबका खामियाजा पाकिस्तानी जनता को भुगतना पड़ रहा है। एक ऐसे दौर में, जब आम पाकिस्तानी गरीबी, चरम महंगाई से कराह रहा है, वहां का सियासी निजाम उनके लिए राहत जुटाने के बजाय उनका ध्यान बंटाने वाला राजनीतिक प्रहसन रचने में जुटा है। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकर्ता और समर्थक जिस तरह भड़क उठे हैं, वह इस मुल्क को एक विफल देश की ओर ही ले जाएगा।

> इमरान खान ही नहीं, वहां प्रधानमंत्रियों व राष्ट्रपतियों की एक लंबी फेहरिश्त है, जिन्हें अदालतों ने भ्रष्टाचार व बदनीयती के मामलों में सजाएं सुनाई हैं। इमरान खान के राजनीति में आते वक्त लगा था कि वह नई किस्म की सियासत करेंगे और बदहाल पाकिस्तान शायद सही पटरी पर आ जाए।

## और बदरंग हुआ चेहरा

पिछले साल तक वह प्रेस फ्रीडम के लिहाज से 'समस्याग्रस्त' देशों की श्रेणी में था। अब उसे उन देशों के बीच रखा गया है, जिनकी स्थिति 'अत्यंत गंभीर' मानी गई है। इस रिपोर्ट में कही गई कुछ बातें ध्यान खींचती हैं। इस बार विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर जारी हुए प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में भारत का चेहरा कुछ और बदरंग दिखा है। यह इंडेक्स पेरिस स्थित संस्था रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर जारी करती है। पिछले कई वर्षों से इस सूचकांक पर भारत का दर्जा गिरता गया है। पिछले साल इस सूची में 150वें नंबर पर था। इस बार वह 11 स्थान गिर कर 161वें नंबर पर पहुंच गया। इस इंडेक्स में भारत अब सबसे निचली श्रेणी में है। पिछले साल तक वह प्रेस फ्रीडम के लिहाज से 'समस्याग्रस्त' देशों की श्रेणी में था। अब उसे उन देशों के बीच रखा गया है, जिनकी स्थिति 'अत्यंत गंभीर' मानी गई है। इस रिपोर्ट में कही गई कुछ बातें ध्यान खींचती हैं। मसलन, यह कि भारत में कुछ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धनी-मानी मित्रों ने मीडिया पर कब्जा जमा लिया है। कहा गया है कि कभी भारतीय प्रेस को अपेक्षाकृत प्रगतिशील समझा जाता था, लेकिन हिंदू राष्ट्रवादी प्रधानमंत्री के सत्ता में आने के बाद स्थितियां बदल गईं। इसमें बीबीसी के दफ्तर पर मारे गए छापे का जिक्र है और उसका सीधा संबंध बीबीसी पर गुजरात दंगों के बारे में दिखाई गई डॉक्यूमेंटरी से बताया गया है। रिपोर्ट कहती है कि वैसे तो दुनिया भर में प्रेस की आजादी के लिए संकट पैदा हो रहा है। दुष्प्रचार, एकतरफा प्रचार और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ने पत्रकारिता के लिए खतरे पैदा कर दिए हैं। इन खतरों के बीच सच और झूठ, सही और गलत की पहचान मुश्किल हो गई है। मगर इन विश्वव्यापी प्रवृत्तियों के बीच कुछ देश ऐसे हैं, जहां हालात बेहद गंभीर रूप ले चुके हैं। ऐसे देशों में रूस, तुर्किये और ताजिकिस्तान के साथ-साथ भारत का भी जिक्र किया गया है। पिछले वर्षों के तजुर्बे के आधार पर यह तो साफ है कि मौजूदा भारत सरकार ऐसी रिपोर्टों की तनिक भी परवाह नहीं करती। उसके बाद ऐसी हर रिपोर्ट का तैयारशुदा जवाब है, जिसमें भारत का दर्जा गिरता दिखाया जाता है। मगर भारत की सत्ताधारी पार्टी ही और आज की सरकार ही भारत नहीं हैं। एक देश और लोकतांत्रिक समाज के तौर पर भारत के लिए यह रिपोर्ट पहले से जारी चिंताओं को और बढ़ा गई है।

## जम्मू कश्मीर में आराम से चुनाव होंगे?

ऐसा लग रहा था कि इस साल मई या जून में जम्मू कश्मीर का चुनाव हो जाएगा। परिसीमन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सीटों का परिसीमन हो गया है। सीटों को आरक्षित करने का काम भी हो गया है और उसकी अधिसूचना जारी हो गई है। उसके बाद चुनाव आयोग नए नई सीटों की भौगोलिक संरचना के हिसाब से मतदाता सूची तैयार करा ली है। मतदाता सूची के दोबारा पुनरीक्षण का काम भी पूरा हो गया है या पूरा होने वाला है। इसके बावजूद चुनाव की कोई आहट नहीं सुनाई दे रही है। सवाल है कि जम्मू कश्मीर में चुनाव की घोषणा क्यों नहीं हो रही है? पिछले दिनों भाजपा के महासचिव तरुण चुघ ने कम से कम दो बार भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि वे चुनाव के लिए तैयार रहें, किसी भी समय चुनाव की घोषणा हो सकती है। इसी वजह से माना जा रहा था कि कर्नाटक के साथ जम्मू कश्मीर का चुनाव होगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और अब किसी को अंदाजा नहीं है कि राज्य में विधानसभा चुनाव कब होगा। ध्यान रहे जम्मू कश्मीर में विधानसभा नवंबर 2018 में भंग हुई थी। उसके करीब एक साल बाद अनुच्छेद 370 समाप्त करके राज्य का विशेष दर्जा खत्म कर दिया गया। उसका बंटवारा हुआ और वह केंद्र शासित प्रदेश बन गया। इस तरह साढ़े चार से राज्य में विधानसभा नहीं है। परंतु सरकार को चुनाव कराने और लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल करने की जल्दी नहीं है। कहा जा रहा है कि भाजपा को यह भरोसा नहीं बन पा रहा है कि वह चुनाव जीत कर अपनी सरकार बना लेगी और हिंदू मुख्यमंत्री नियुक्त कर सकेगी।

> मैतेई या गैर-आदिवासी पहाड़ी जिलों में जमीन नहीं खरीद सकते हैं, लेकिन भारत के अन्य हिस्सों के एसटी और अन्य लोग मैदानी इलाकों में जमीन खरीदने के लिए स्वतंत्र हैं। इसने जाहिर तौर पर मणिपुर के मैदानी इलाकों में जमीन पर बहुत दबाव डाला है। मैतेई अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का हिस्सा हैं, लेकिन एसटी का दर्जा मांग रहे हैं, ताकि पहाड़ी इलाकों में भी उनकी पहुंच हो।

# पुराने मनमुटाव और नए घाव का मणिपुर

चंदन कुमार शर्मा, प्रोफेसर, तेजपुर विवि, असम



मणिपुर में 3 मई को शुरू हुआ हिंसा का नया दौर अभी थमा नहीं है। आधिकारिक अनुमान के अनुसार, लगभग 60 लोगों ने अपनी जान गंवाई है, हालांकि अनौपचारिक आंकड़ा इससे कहीं अधिक होने की आशंका है। लोगों को संपत्ति का भारी नुकसान उठाना पड़ा है और कई घरों में आग लगाई गई है। इससे जगह-जगह बड़ी संख्या में लोग अपने घरों से विस्थापित हुए हैं। वे भागकर असम और अन्य पड़ोसी राज्यों में चले गए हैं। ऐसे में, उनका लौटना फिलहाल काफी मुश्किल नजर आ रहा है।

इस तनाव ने मणिपुर राज्य में पहाड़ी बनाम मैदानी और आदिवासी बनाम गैर-आदिवासी आबादी के बीच के नाजुक सामाजिक संतुलन को पूरी तरह से बिगाड़ दिया है। बेशक, राज्य का इतिहास सुरक्षा बलों और विद्रोही सशस्त्र गुटों द्वारा की गई हिंसा के अलावा अंतरजातीय हिंसा से भरा हुआ है, पर यह अब शांति और सामान्य स्थिति में वापस लौट रहा था। यहां बुजुर्गों के जेहन में भले ही जातीय हिंसा के पुराने दशक आज भी बने हुए हैं, पर नई पीढ़ी इससे ऊपर उठकर सामंजस्य बनाती नजर आ रही थी। ताजा हिंसा ने पुरानी जख्म को फिर से ताजा कर दिया है और यह आने वाले कुछ समय के लिए नई पीढ़ी के दिमाग में बनी रहेगी।

ताजा हिंसा का तात्कालिक कारण मैतेई को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने का मुद्दा है। मणिपुर का 90 प्रतिशत क्षेत्र पहाड़ी है और शेष 10 प्रतिशत मैदानी, लेकिन 60 प्रतिशत आबादी मैदानी इलाकों में बसती है, जबकि 40 प्रतिशत पहाड़ों में। राज्य में बहुसंख्यक मैतेई समुदाय के लोग मैदानी इलाकों में रहते हैं, जबकि नगा, कुकी और कुछ अन्य छोटी जनजातियां पहाड़ी इलाकों में रहती हैं। मैतेई या गैर-आदिवासी पहाड़ी जिलों में जमीन नहीं खरीद सकते हैं, लेकिन भारत के अन्य हिस्सों के एसटी और अन्य लोग मैदानी इलाकों में जमीन खरीदने के लिए स्वतंत्र हैं। इसने जाहिर तौर पर मणिपुर के मैदानी इलाकों में जमीन पर बहुत दबाव डाला है। मैतेई अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का हिस्सा हैं, लेकिन एसटी का दर्जा मांग रहे हैं, ताकि पहाड़ी इलाकों में भी उनकी पहुंच हो। मगर हालिया तनाव तब शुरू हुआ, जब 27 मार्च को इंफाल उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह केंद्र को मैतेई की मांग के संदर्भ में सिफारिश करे। इससे राज्य के आदिवासी समुदाय खफा हैं। दिलचस्प यह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में इस तरह के मामले की सिफारिश करने के लिए उच्च न्यायालय के अधिकार पर सवाल उठाया है।

भड़काने वाले तत्व बेशक हिंसा व नफरत की आग भड़काने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह खुशी की बात है कि पहाड़ियों में कुकी महिलाएं मैतेई को संरक्षण दे रही हैं, और इंफाल के मैदानी इलाकों में मैतेईस्त्रियां कुकी को। खबर है कि मणिपुर यूनिवर्सिटी कैंपस में भी मैतेई के छात्र कुकी छात्रों की हिफाजत कर रहे हैं। हालिया हिंसा निश्चित तौर पर राज्य सरकार की नाकामी है। इसने इस हिंसा के हालात तो पैदा किए ही, इसे नियंत्रित करने के लिए उचित कार्रवाई भी नहीं की। बाद में, बड़ी संख्या में सेना व अर्द्धसैनिक बलों को उतारकर हिंसा को रोकने के पारंपरिक तरीके अपनाए गए। यह वही तरीका है, जिसके खिलाफ पहले से ही सीमावर्ती राज्यों के लोग लड़ रहे हैं।

इस पूरे घटनाक्रम में म्यांमार से कुकी समुदाय के पलायन को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दरअसल, म्यांमार की सेना भारत से जुड़े अपने इलाकों के कुकी विद्रोह क्षेत्र में लगातार छापेमारी कर रही है। इस वजह से पिछले कुछ समय से बड़ी संख्या में कुकी विद्रोही सीमा पार करके भारत आ रहे हैं। वे मणिपुर की पहाड़ियों के कुकी बहुल इलाकों में जंगल साफ करके बस रहे हैं। इन क्षेत्रों में अफीम की खेती भी व्यापक हो गई है, जो इन घुसपैठियों के लिए आजीविका का मुख्य स्रोत बन गई है।

मणिपुर सरकार अगस्त 2022 से यह नोटिस भेज रही है कि चुराचंदपुर-खौपुम संरक्षित वन क्षेत्र के कई गांव अवैध हैं और यहां के निवासी अतिक्रमणकारी। 20 फरवरी, 2023 को एक गांव को खाली कराने के अभियान में स्थानीय बाशिंदों और पुलिस के बीच हिंसा भी हुई। कुकी बहुल इलाकों में पुलिस की कार्रवाई के विरोध में रैलियां आयोजित की गईं, जिसके खिलाफ सरकार ने कहा है कि ये गैर-कानूनी मकसद के लिए आयोजित की जा रही हैं। आरोप है, म्यांमार से घुसपैठिये अफीम की खेती व नशीले पदार्थों के व्यापार के लिए आरक्षित व संरक्षित वनों और वन्यजीव अभयारण्यों का अतिक्रमण कर रहे हैं। सरकार ने यह भी आरोप लगाया कि इस सब तनाव के पीछे पहाड़ी इलाकों में सक्रिय सशस्त्र गुट जोमी रिवोल्यूशनरी आर्मी और कुकी नेशनल आर्मी का हाथ है। ये दोनों समूह 2008 से सैन्य अभियान निलंबित रखने संबंधी समझौते का हिस्सा हैं, जिसकी अवधि समय-समय पर बढ़ाई जाती रही है। मगर मणिपुर सरकार ने 10 मार्च को यह कहते हुए इस संघर्ष विराम को वापस ले लिया था कि ये समूह जंगलों में अवैध रूप से बसे लोगों को उकसा रहे हैं। कुकी नेताओं ने सशस्त्र गुटों की इस भूमिका का पुरजोर खंडन किया है। साफ है, पहाड़ी इलाकों में इस अतिक्रमण पर काबू पाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। पर्यावरणीय समस्याओं के अलावा निरंतर प्रवासन राज्य में जनसांख्यिकीय संतुलन को बदल सकता है।

मणिपुर हिंसा का कोई भी समाधान इसकी जड़ों को देखकर ही खोजा जा सकता है। यहां सशस्त्र समूह भी सक्रिय हैं। कुछ खबरों के मुताबिक, घुसपैठियों के जरिये म्यांमार से हथियार भी आ रहे हैं। इससे राज्य में हालात और बिगड़ सकते हैं। जमीन का मामला हो या घुसपैठ का, सभी पार्टियों को मिलकर समाधान निकालना होगा। जाहिर है, यह सिर्फ कानून और व्यवस्था का मुद्दा नहीं है, बल्कि एक मानवीय संकट है, जिस पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए, चाहे वह धर्म की सियासत हो या अस्मिता की। सरकारें आज तक राज्य की समस्याओं का समाधान खोजने में विफल रही हैं। अलबत्ता, उसने इसे और जटिल बना दिया है। ऐसे में, यह मणिपुर के सभी समुदायों के लिए आवश्यक है कि वे अपनी समस्याओं का स्थायी राजनीतिक हल खोजने के लिए तत्परता दिखाएं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# विवाद का नहीं, संवाद का माध्यम बना रहे सिनेमा

अमिताभ श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार




द केरल स्टोरी पर गरमाए विवाद ने फिर साबित कर दिया है कि सिनेमा सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं है। यह असल में समाज से संवाद का सबसे सीधा और सशक्त माध्यम है। यह बात राजनीति करने वाले फिल्म बनाने वालों से भी ज्यादा अच्छी तरह समझते हैं। कर्नाटक चुनाव प्रचार के दौरान द केरल स्टोरी का जिक्र आना, हिंदी पट्टी के दो बड़े भाजपा शासित राज्यों- मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में फिल्म को टैक्स फ्री घोषित किया जाना, केरल, तमिलनाडु में फिल्म का विरोध और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का फिल्म पर एक तरह से प्रतिबंध लगाना बहुत कुछ कहता है। प्रतिक्रियाएं और उसके बाद की राजनीति पता नहीं कहां तक जाएगी?

अभिनेत्री शबाना आजमी ने फिल्म पर पाबंदी की मांग को गलत ठहराते हुए अपने ट्वीट में कहा है कि किसी फिल्म को सेंसर बोर्ड से मंजूरी मिल जाने के बाद किसी को ऐसा करने का हक नहीं है। शबाना ने आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा की रिलीज के समय उठी ऐसी ही आवाजों की याद दिलाते हुए द केरल स्टोरी पर पाबंदी की मांग का विरोध किया है। ममता बनर्जी तक शायद शबाना आजमी की आवाज नहीं पहुंची या उन्हें अपनी खास राजनीति के आगे इस पर तवज्जो देना जरूरी नहीं लगा। वैसे भी आज के दौर में फिल्म या किसी भी अभिव्यक्ति पर पाबंदी का कोई खास अर्थ नहीं रह गया है, क्योंकि पश्चिम बंगाल का दर्शक इसे सिनेमा हॉल के अलावा भी किसी माध्यम से देख सकता है।

इस फिल्म के बारे में दर्शकों की राय भी राजनीतिक दलों की ही तरह बंटी हुई है। एक वर्ग इसे खौफनाक सच का पर्दाफाश करने वाला शानदार दस्तावेज बता रहा है, तो दूसरी ओर, बहुत से लोग ऐसे भी हैं, जो इसे नफरत फैलाने वाली फिल्म बता रहे हैं। इस फिल्म में एक धर्म विशेष के सारे किरदार बुरे हैं। एक औसत दर्शक के लिए फिल्म का यही आम संदेश है कि गैर-मुस्लिम लड़कियां इश्क-मुहब्बत, दोस्ती मिलने-जुलने के मामले में मुस्लिम लड़कों से दूर रहें। कम्युनिस्टों पर भी टिप्पणी की गई है – विदेशी विचारधारा कहकर। फिल्म में एक पोस्टर दिखता है, जो कहता है, राष्ट्रवाद हराम है। हर फिल्मकार को यह जरूर मालूम होता है कि वह किस तरह के दर्शक के लिए फिल्म बना रहा है। फिल्म बनाने के पीछे का मकसद भी बहुत कुछ तय करता है।

वैसे किसी विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने के लिए सिनेमा के राजनीतिक इस्तेमाल का सिलसिला बहुत पहले ही शुरू हो गया था। हमारे देश में भी आजादी से पहले सिनेमा ने स्वतंत्रता के लिए भारतीय जनता की छटपटाहट, आकांक्षाओं, उसके सपनों और संघर्षों को प्रतीक रूप में ही सही, बहुत धारदार तरीके से प्रस्तुत करना शुरू कर दिया था। अशोक कुमार की सुपरहिट फिल्म किस्मत का गाना दूर हटो ऐ दुनिया वालों हिन्दुस्तान हमारा है इसकी एक शानदार मिसाल है। पिछली सदी में चालीस, पचास और साठ के दशक के हिंदी सिनेमा में भारत के राजनीतिक, सामाजिक व सांस्कृतिक निर्माण की विविधतापूर्ण झलक बहुतायत से मिलती है। नेहरू जब देश-दुनिया के नायक थे, उस दौर में भी गुरुदत्त ने प्यासा फिल्म में साहिर के गाने के जरिये तब के भारत के हालात के बारे में चुभता हुआ सवाल पूछा था, जिन्हें नाज है हिंद पर वो कहां हैं? इंदिरा गांधी के दौर में भी सिनेमा ने पाबंदियां झेली हैं। किस्सा कुर्सी का असली प्रिंट ही नष्ट कर दिया गया था। आंधी में सुचित्रा सेन के सफेद बालों के लट को इंदिरा गांधी के केश विन्यास से जोड़कर देखा गया था और फिल्म सरकार के निशाने पर आ गई थी। आज भी लोग याद करते हैं, रेडियो पर किशोर कुमार के गाने बजने बंद हो गए थे। सिनेमा से राजनीति का नाता पुराना है, वैसे सिनेमा का मूल स्वर सद्भाव ही रहा है।

क्या अब सद्भाव समर्पित फिल्मों की जरूरत घटती जा रही है? देश में साझा संस्कृति पर बहुत अच्छी फिल्में बनी हैं और बन भी रही हैं। मसाला सिनेमा के दायरे में भी रोजा, बॉम्बे और गदर एक प्रेमकथा जैसी फिल्में बनी हैं। अब क्या सद्भाव की बात राजनीति और समाज में व्यंग्य व विवाद का विषय हो गई है? फिल्मकारों का एक वर्ग भी विवादों की आग सुलगाने में फायदा देख रहा है। सिनेमा को विवाद का नहीं, संवाद का माध्यम बनना चाहिए, उसी में उसकी सार्थकता है और सफलता भी।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# केजरीवाल जेल गए तब भी उनका वोट सुरक्षित!

हरिशंकर व्यास



भाजपा यदि आम आदमी पार्टी को तोड़ डाले, उसकी मान्यता खत्म कर दे तो अलग बात है वरना दिल्ली और देश में केजरीवाल के जो वोट बने थे वे जस के तस हैं! बहुत हैरानी हुई मुझे राजस्थान के मध्य वर्ग परिवार और दिल्ली की झुग्गी-झोपड़ बस्तियों से काम के लिए कॉलोनी में आने वाली महिलाओं की चर्चा सुन कर। मैं मान रहा था कि अरविंद केजरीवाल के घर की शानो-शौकत, 45 करोड़ रुपए के खर्च की बदनामी से उनके भक्तों में मोहभंग हुआ होगा। लेकिन उलटी बात सुनने को मिली। भक्तों की एक ही बात, एक ही तर्क है। और वह यह कि केजरीवाल ने नरेंद्र मोदी और अडाणी के खिलाफ बोला इसलिए उसे ऐसे बदनाम कर रहे हैं। हां, नरेंद्र मोदी बनाम अरविंद केजरीवाल के ग्राफ का फर्क गजब है। केजरीवाल के साथ दिल्ली में उनकी सरकार का काम (खासकर स्कूल, बिजली, पानी) लोगों में जस का तस चर्चित है वही नरेंद्र मोदी अपनी सरकार की मैसेजिंग में फेल हैं। उस नाते दिल्ली के विधानसभा चुनाव 2020 में केजरीवाल को जो 54 प्रतिशत वोट मिले थे उनमें मध्य उच्च वर्ग के परंपरागत मोदी विरोधी घरों में भले मोहभंग हो और वे कांग्रेस की तरफ मुड़ें लेकिन झुग्गी-झोपड़ी, गरीब वर्ग में टीवी चैनलों के केजरीवाल एक्सपोजर का कोई अर्थ नहीं है। सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया या अरविंद केजरीवाल के जेल जाने से आप के दिल्ली वोटों पर फर्क नहीं पड़ने वाला है। मोदी-शाह को या तो दिल्ली विधानसभा खत्म करनी होगी या आम आदमी पार्टी की मान्यता को उद्धव ठाकरे की शिव सेना की तरह रद्द कराना होगा तभी दिल्ली में भाजपा का मतलब बनेगा।

सवाल है मोदी-शाह को तो सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सात सीटें चाहिए। अपना मानना है उसमें भाजपा को दिक्कत नहीं होगी। पहली बात, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस साथ मिलकर एलायंस में चुनाव लड़ें, इसके फिलहाल आसार नहीं हैं। दूसरी बात, 2019 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली में आप को 18 प्रतिशत तथा कांग्रेस को मिले 22 प्रतिशत वोट का कुल जोड़ भी भाजपा के 57 प्रतिशत वोटों से बहुत पीछे था। इसलिए नरेंद्र मोदी के करिश्मे में पहले तो भारी गिरावट हो, फिर कांग्रेस-आप मिल कर साझा चुनाव लड़ें तब जरूर लोकसभा सीटों पर कांटे की टक्कर बनेगी। भाजपा का केजरीवाल पार्टी को खत्म करने का मिशन केजरीवाल की सियासी बला की वैयक्तिक लड़ाई में है। मोदी बनाम केजरीवाल की निजी लड़ाई है। इसलिए लोकसभा की सात सीटें जीतने के बाद मोदी सरकार दिल्ली विधानसभा चुनाव तक आप को लड़ने लायक नहीं रहने देगी। सोचें, यदि डेढ़ साल केजरीवाल, सिसोदिया जेल में रहे, दिल्ली-पंजाब की उनकी सरकारों को लाचार बना दिया या भंग और खत्म कर दिया तो उस स्थिति में भक्त वोटों के होते हुए भी क्या आप चुनाव लड़ने लायक होगी?

इसलिए आजाद भारत की 75 वर्षों की राजनीति में नरेंद्र मोदी बनाम अरविंद केजरीवाल की लड़ाई न केवल बेमिसाल है, बल्कि तमाम तरह की नीचताओं को लिए हुए है और इससे अपने आप वक्त दो शख्सियतों के उत्थान-पतन की गाथा बनवाएगा।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-

9827806026,

7869620239

Sargam

Musicals

Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair



DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688

RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में

COMPLETE FAMILY SALON

हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी




JITU'Z

CUT N SHINE

93009-11331

रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़







## खास खबर

### विद्यार्थियों के मन से रिजल्ट का भय दूर करने की पहल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम घोषित करने के पूर्व 10 मई को सुबह 10.30 बजे से हेल्पलाईन शुरू की जा रही है। हेल्पलाईन टोल फ्री नंबर 18002334363 है। परीक्षा परिणाम के पूर्व विद्यार्थी के मन में भय से होने वाले तनाव का प्रबंधन तथा विषय एवं कैरियर चयन संबंधी मार्गदर्शन के लिए रविवार एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर 10 मई से 18 मई तक हेल्पलाईन का संचालन किया जाएगा। हेल्पलाईन का संचालन दो पालियों में होगा। पहली पाली सुबह 10.30 बजे से 1.30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.30 तक संचालित की जाएगी। हेल्पलाईन द्वारा मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक, कैरियर काउंसलर, मंडल के अधिकारी, सहायक प्राध्यापक मार्गदर्शन देगें। हेल्पलाईन मंडल के उपसचिव जे.के. अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं हेल्पलाईन समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार साहू के समन्वय से कार्य करेगा। उल्लेखनीय है कि वार्षिक परीक्षा 2023 की परीक्षा पूर्व एवं परीक्षा के दौरान हेल्पलाईन कार्यक्रम संचालित किया गया। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10 वीं और 12 वीं की मुख्य परीक्षा का परिणाम 10 मई को दोपहर 12.00 बजे घोषित किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना : युवाओं की उद्यमशीलता एवं व्यवसाय को बढ़ावा देने दी जा रही है आर्थिक सहायता

**रायपुर।** युवाओं को स्वरोजगार के रूप में उद्योग एवं व्यवसाय स्थापित करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का संचालन कर रही है। इसके माध्यम से युवा वर्ग को आर्थिक सहायता, मार्जिन मनी अनुदान, क्रेडिट गारंटी शुल्क, एवं वार्षिक सेवा शुल्क दिया जाता है। इस योजना के माध्यम से पिछले साढ़े चार वर्षों में 2614 युवाओं को बैंकों के माध्यम से ऋण प्रदान करते हुए रु 936.63 लाख रूपए का मार्जिन मनी अनुदान प्रदान किया गया है। इस योजना के मुख्य उद्देश्य युवा शक्ति का स्व-उद्यम की ओर प्रेरित कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना है। इसके साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ता संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करना एवं कृषि संबंधी सहायक उद्योग धंधों का विकास करना भी है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के माध्यम से युवाओं को वित्तीय सहायता, गारंटी, प्रशिक्षण व अनुसरण उपलब्ध कराया जाता है। ताकि अपनी कार्यक्षमता एवं योग्यता के अनुसार वह अपने स्वयं का उद्योग व व्यवसाय स्थापित कर राज्य की आर्थिक प्रगति में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सके। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत युवा वर्ग को व्यवसाय के लिए अधिकतम 2 लाख रूपए, सेवा उद्यम के लिए अधिकतम 10 लाख रूपए तथा विनिर्माण उद्यम के लिए अधिकतम 25 लाख रूपए तक का ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदान किया जाता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक है। आवेदक न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण हो। आवेदक की आयु आवेदन दिनांक को 18 से 35 वर्ष के मध्य हो। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, नि:शक्तजन उद्यमी, नक्सल प्रभावित परिवार के सदस्य एवं सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए आयुसीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की गई है।

# मां भानेश्वरी ने मानवता की सेवा के लिए अपना जीवन किया अर्पित: भूपेश बघेल

### मुख्यमंत्री ने 35 करोड़ 80 लाख के 11 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सिंघोला में आयोजित माँ भानेश्वरी जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल 35 करोड़ 79 लाख 86 हजार रूपए के 11 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। शासन की विभिन्न विभागीय योजना अंतर्गत 40 हितग्राहियों को 9 लाख 78 हजार रूपए के सामग्री और चेक का वितरण किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल राजनांदगांव प्रवास के दौरान राजस्व विभाग अंतर्गत भेंट-मुलाकात के दौरान की गई घोषणा के तहत 26 सामाजिक भवन एवं आहाता निर्माण के लिए 3 करोड़ 3 लाख रूपए की राशि का स्वीकृति आदेश पत्र हितग्राहियों को प्रदान किया।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर मंदिर परिसर से लेकर मुख्य मार्ग तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 30 लाख रूपए, साहू समाज के मंगल भवन के लिए 25 लाख रूपए, मंदिर परिसर में डोम निर्माण के लिए 17 लाख रूपए, तालाब सौंदर्यीकरण के लिए 10 लाख रूपए प्रदान करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सभी को माँ भानेश्वरी जयंती महोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि माँ भानेश्वरी, भक्त माता कर्मा, दानवीर शाह भामा जैसे महापुरूष एवं समाज सेवियों ने मानवता की सेवा की है। सभी समाज में कुछ ऐसे व्यक्तित्व जन्म लेते हैं, जो समाज को राह दिखाते हैं। माँ भानेश्वरी ने दुसरीं की पीड़ा को दूर करने के लिए अपना जीवन अर्पित कर दिया। संत-महात्मा के दिखाये मार्ग का सरकार अनुसरण कर रही है। अन्नदाता किसान, मजदूर, युवा सभी के लिए शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा सभी क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बच्चों की भर्ती की जा रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के अच्छे अवसर हैं। इसके लिए खूब मन लगाकर पढ़ें और ज्यादा से ज्यादा सेवाओं में चयनित हो। उन्होंने कहा कि छश्रीसगढ़ शांति का टापू है। समाज को अच्छी बातों को ग्रहण करना चाहिए और पुरानी रूढ़ियों को दूर करना चाहिए।

गृह, जेल एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि साहू समाज के सभी प्रमुख व्यक्तित्व एवं महापुरूष के जीवन का उल्लेख, अधिष्ठात्री कुलदेवी, देवता का संकलन पुस्तक के रूप में किया जा रहा है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से सामाजिक बुराई को दूर करने तथा सामाजिक समरसता बनाकर चलने के लिए कहा। छश्रीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री टहलराम साहू ने सभी को माँ भानेश्वरी जयंती महोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला साहू संघ के अध्यक्ष श्री भागवत साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध लोक गायिका आरू साहू ने मोहक गीतों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर छश्रीसगढ़ राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं विधायक दलेश्वर साहू, विधायक श्रीमती छन्नी साहू, अध्यक्ष तेलघानी विकास बोर्ड छश्रीसगढ़ संदीप साहू, प्रदेश अध्यक्ष हल्दिया साहू समाज त्रिलोकी साहू, कलेक्टर डोमन सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे।

# महिलाओं ने गोबर से इमल्शन और डिस्टेंपर पेंट बनाकर 3 महीने में कमाए 17 लाख 43 हजार रुपए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** गोधन न्याय योजना ने छत्तीसगढ़ में महिलाओं की आर्थिक आजादी के नए सोपान गढ़े हैं। योजना के तहत गौठानों में 200 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गोबर खरीदी की जा रही है। गोबर का उपयोग जैविक खाद के अलावा गोबर से पेंट बनाने में किया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं जुड़ी हुई हैं।

प्राकृतिक पेंट निर्माण को बढ़ावा देने के लिए गाय के गोबर से पेंट निर्माण करने की इकाई राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित की जा चुकी है। इसी तरह की गोबर से प्राकृतिक पेंट निर्माण की इकाई कोण्डागांव जिले के मर्दापाल रोड स्थित शहरी गौठान में 26 जनवरी 2023 को शुरू की गई है। यहां 3 महीने में ही 7 हजार 368 लीटर से अधिक पेंट का निर्माण किया जा चुका है। इकाई में स्व-सहायता समूह की 10 महिलाओं द्वारा गोबर से प्राकृतिक पेंट का निर्माण किया जा रहा है। अब तक 17 लाख 43 हजार रुपये के 7 हजार 351 लीटर गोबर पेंट का विक्रय किया जा चुका है। कोण्डागांव जिले में गोबर से बने पेंट का उपयोग सरकारी भवनों, स्कूलों एवं छात्रावासों की पुताई के लिए किया जा रहा है। कलेक्टोरेट बिल्डिंग सहित अन्य भवनों की गोबर पेंट से पुताई की गयी है, जिससे ये भवन अधिक सुन्दर और आकर्षक दिखने लगे हैं। प्राकृतिक पेंट के इस्तेमाल से पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।



स्थानीय महिलाओं को रोजगार मिल रहा हैं जिससे उनकी आय में वृद्धि भी हो रही है। समूह की अध्यक्ष श्रीमती मीना विश्वास बताती हैं कि वे गोबर से डिस्टेंपर एवं इमल्शन पेंट का निर्माण बना रही हैं। इकाई को लोक निर्माण एवं जिला निर्माण समिति द्वारा गोबर पेंट क्रय हेतु अग्रिम आर्डर दिया गया है। गोबर से प्राकृतिक पेंट निर्माण से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध गोबर का सदुपयोग होने के साथ ही युवाओं, महिलाओं और ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है। इससे वे आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर गोबर के पेंट निर्माण से स्कूलों, आश्रम-छात्रावासों, शासकीय भवनों तथा आम लोगों के घरों के लिए किफायती दर पर इमल्शन एवं डिस्टेंपर आसानी से मिल रहा है।

# मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से लोगों को मिल रही बेहतर और नि: शुल्क स्वास्थ्य सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लोगों के प्रति संवेदनशील सोच से आज प्रदेश के हर वर्ग के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। प्रदेश में लोगों को घर के नजदीक ही नि:शुल्क और उत्तम स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने हेतु छत्तीसगढ़ सरकार संकल्पित है। शहरी क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की शुरूआत की गई है। जिसके माध्यम से लोगों को घर के नज़दीक ही बेहतर और नि:शुल्क इलाज व लैब टेस्ट की सुविधा मिल रही है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत गरियाबंद जिले में कैम्प के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाई जा रही है। इस योजना के तहत गरियाबंद जिले में 325 स्थानों में कैम्प के माध्यम से अब तक 23 हजार 691 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया है। जिसमें से 22 हजार 390 मरीज़ों को स्वास्थ्य जांच उपरांत नि:शुल्क दवाई वितरण किया गया है। जिसमें जिले के सभी 04 नगरीय निकायों में 7 हजार 180 लोगों का नि:शुल्क लैब टेस्ट भी किया गया है। जिसमें नगरपालिका परिषद गरियाबंद में 81 स्थानों में कैम्प लगाकर 5 हजार 384 मरीजों का उपचार कर 5 हजार 171 मरीजों को नि:शुल्क दवाई वितरण और 1 हज़ार 675 मरीजों का लैब टेस्ट किया गया है। इसी प्रकार नगर पंचायत राजिम में 96 स्थानों पर कैम्प लगाकर 7 हजार 508 मरीजों का उपचार कर 7 हजार 150 मरीजों को नि:शुल्क दवाई वितरण किया गया।

# महतारी न्याय रथ के सफल संचालन के लिए जिले को मिला प्रशस्ति पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा बालोद जिले में महतारी न्याय रथ के सफल संचालन में उल्लेखनीय योगदान के लिए कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अजय शर्मा को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया है। जिसके फलस्वरूप छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने और जन-जागरूकता के लिए पूरे देश में अग्रणी रहा है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अंतर्गत महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों के निराकरण, विविध जागरूकता, मुख्यमंत्री न्याय रथ के संचालन में विशिष्ट योगदान के लिए कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अजय शर्मा को माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के कर कमलों से सम्मानित किए जाने हेतु राजधानी रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में आमंत्रित किया गया था।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बालोद जिले को मिले इस महत्वपूर्ण सम्मान की सराहना व्यक्त करते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन तथा महिला एवं बाल विकास तथा संबंधित विभागों के अलावा इस कार्य से जुड़े सभी लोगों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।




# केरला फाईल्स मुद्दाविहीन भाजपा का दंगाई फार्मूला - मोहन मरकाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि केरला फाईल्स फिल्म मुद्दाविहीन भाजपा का दंगाई फार्मूला है। जब भाजपा के पास जनसरोकारो के मुद्दे उठाने को नहीं रहते तब भाजपा धर्म की आड़ में राजनीति करती है। भाजपा देश में 9 साल से सरकार चला रही है। उसके पास मोदी सरकार की एक भी उपलब्धि नहीं है जिसे जनता के बीच लेकर जाये इसलिये वह फिल्मी कहानियों के आधार पर जनमत को दिग्भ्रमित करने के लिये केरला फाईल्स जैसी फिल्मों को आगे करने का षडयंत्र रच रही है। भाजपा में साहस है तो वह मोदी सरकार के 2014 में वायदों आधार पर जनता के बीच जाने का साहस दिखाये। साहस है तो मोदी के वायदा खिलाफी पर पिक्चर बनाने की हिम्मत करे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा द्वारा केरला फाइल्स फ़िल्म को टैक्स फ्री किये जाने की मांग जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने की भाजपाई साजिश है। दूध दही पनीर आटा जैसी मूलभूत सामग्रियो पर जीएसटी वसुलने वाली भाजपा किस नैतिकता से एक फ़िल्म को टैक्स फ्री करने के लिए परेशान हुए जा रही है। क्या देश मे मंहगाई और गरीबी से जूझ रही जनता के सारे समस्याओं का हल इसी एक पिक्चर के टेक्स फ्री करने से हो जाएगा? मोदी सरकार पूर्ववर्ती सरकारों की अपेक्षा पेट्रोल डीजल पर 10 गुना एक्साइज ड्यूटी वसूल रही है इसको कम करने के लिए भाजपा क्यो आवाज नहीं उठा रही है। भाजपा देश भर में भ्रामक और कृत्रिम मुद्दे खड़ा करके मोदी सरकार की नाकामियों पर पर्दा डालने की कोशिश में लगी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि रेलवे में बुजुर्ग यात्रियों को मिलने वाली विशेष टेक्स में छूट को भाजपा की मोदी सरकार ने खत्म कर दिया ।आजादी के बाद से ही रेलवे में विकलांग यात्रियों को किराए में विशेष छूट दिया जाता रहा है मोदी सरकार ने उसे भी खत्म कर दिया कभी किसी भाजपा नेता सांसद विधायक ने इस छूट को खत्म करने का विरोध नहीं किया।








# नरवा विकास कार्यों से वनांचल क्षेत्र के लोगों को मिल रहा लाभ, वन्यप्राणियों के लिए उपयोगी साबित हो रहे

## हाथी प्रभावित वनक्षेत्रों में बढ़ी जल की उपलब्धताः मानव हाथी द्वंद में आई कमी, दिसम्बर माह में सूख जाने वाले नालों में अब अप्रैल-मई तक रहता है पानी का बहाव

### पिछले चार वर्षों में रायगढ़ वनमण्डल के 34 नालों स्ट्रक्चर बनाकर किया गया जल संरक्षण का कार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा विकास कार्यक्रम का असर रायगढ़ वनमण्डल के वन क्षेत्रों में अब दिखने लगा है। इस वन क्षेत्र के दिसम्बर माह में सूख जाने वाले नालों में अब अप्रैल-मई तक पानी का बहाव रहता है। वन क्षेत्रों में भू-जल स्तर बढ़ा है। वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि रायगढ़ वन मण्डल के हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों जुनवानी, बंगुरसिया, अमलीडीह, छर्राटांगर, चक्रधरपुर, सामारूमा, सराईपाली, में हाथियों के लिए पीने हेतु जल की व्यवस्था वनक्षेत्रों में ही हो जाने से गांव की ओर उनका आगमन बहुत कम हो रहा है जिससे मानव हाथी द्वंद्व में भी कमी आई है।

जगह-जगह जल का ठहराव होने से वन का संरक्षण एवं संवर्धन तथा वन्यप्राणियों के पीने हेतु बारहमासी नालों की संख्या में वृद्धि हो रही है। नरवा विकास कार्यक्रम में नालों के ट्रीटमेंट से पहले स्थलों का वैज्ञानिक पद्धति से सॉफ्टवेयर के माध्यम से सर्वे किया जाता है तत्पश्चात् नरवा ट्रीटमेंट का कार्य प्रारंभ किया जाता है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि पिछले चार वर्षों में रायगढ़ वनमण्डल के 34 नालों में वाटर ट्रीटमेंट किया गया है। इससे जहां भू-क्षरण में कमी आई है, वहीं सिंचित क्षेत्र बढ़ा है।

नरवा विकास कार्यक्रम के तहत वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वैज्ञानिक पद्धति से नालों का उपचार और वर्षा जल के संचयन करने हेतु अनेक स्थानों पर रिज-टू-वैली कान्सेप्ट से ट्रीटमेंट किया जा रहा है। रायगढ़ वनमण्डल अंतर्गत राज्य कैम्पा मद से घरघोड़ा, तमनार, खरसिंया, रायगढ़, सारंगढ़, गोमर्डा अभ्यारण्य बरमकेला, गोमर्डा अभ्यारण्य सारंगढ़ परिक्षेत्रों में नरवा विकास कार्य के तहत् रिज में कंटूर ट्रेंच, ब्रशबुड चेकडेम, लूज बोल्डर चेकडेम, गेबियन तथा वैली में डाइक चेक डेम, स्टापडेम, अर्दन डेम जैसे स्ट्रक्चर बनाकर जल संरक्षण का कार्य किया जा रहा है और नाले में पहले से ज्यादा समय तक पानी दिखने लगा है तथा गांवों में भू-जल स्तर बढ़ रहा है। स्टाप डेम चेकडेम, अर्दन डेम का लाभ किसान लगातार उठा रहे है तथा वन्यप्राणियों के लिये भी कारगर साबित हो रहा है।




रायगढ़ वनमण्डलाधिकारी सुश्री स्टायलों मण्डावी ने यह जानकारी दी है कि वनमण्डल में नरवा विकास योजना के तहत वर्ष 2019-20 में 8 नाला क्रमशः चक्रधरपुर नाला, पीड़ीझर नाला, सपनई नाला, दंतार नाला, कछार नाला, चीनी नाला, बेलपाली नाला, जीरा नाला का ट्रीटमेन्ट किया गया जिसमें 59166 हेक्टयर में 26061 स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य कराया गया है जिसमें 45000 वर्षा जल का संचयन हुआ। वर्ष 2020-21 में 9 नाला क्रमशः भंवरखोल नाला, चिटकाझरिया नाला, सेमरानाला पार्ट- 1 हाथिझरिया नाला, उपका नाला, बड़झरिया नाला, शंकरपाठ नाला, करपन नाला पार्ट 1 बंजारी नाला में 14668 हेक्टयर में 8508 स्ट्रक्चरों का निर्माण कार्य कराया गया है जिसमें 38000 वर्षा जल का संचयन हुआ तथा वर्ष 2021-22 में 4 नाला क्रमशः डुमरचुंवा नाला, करपन नाला पार्ट 2 मनाई नाला, बगवानी नाला में 8971 हेक्टे में 18900 स्ट्रक्चरों का निर्माण कार्य कराया गया है जिसमें 46000 वर्षा जल का संचयन हुआ। तथा वर्ष 2022-23 में 13 नाला क्रमशः अठारह नाला, डोबघाट नाला, बिलाईगुड़ा नाला, साजापानी नाला, द्वारी नाला, बड़दरहा नाला, कोकटानारा नाला, लल्लूमूडा नाला, बाघमुड़ा नाला, परसा नाला, साम्हरचुंवा नाला, डोंगीपानी नाला, चन्द्राहसिनी नाला में 9442 हेक्टे. में 34207 स्ट्रक्चरों का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

रायगढ़ वनमण्डल अंतर्गत कैम्पा मद से ए.पी.ओ. वर्ष 2019-20. 2020-21 2021-22 एवं 2022-23 में स्वीकृत नरवा विकास कार्य के तहत निर्मित किये गये संरचनाओं से नरवा कार्य से ग्रामीणों को रोजगार प्राप्त हुआ है। हाथी प्रभावित क्षेत्रों में अन्य क्षेत्रों में वन्यप्राणियों के लिये पीने हेतु पानी की सुविधा हो रही है। ग्रामीणों द्वारा अपने निजी कृषि भूमि पर कृषि कार्य में सिंचाई कार्य में लाभ प्राप्त हुआ है। खरीफ के साथ अब रबी फसलों के लिए सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में किसानों को पानी मिल रही है। जहां पहले दिसम्बर माह में नदी नाले सुख जाते थे वही अब अप्रैल मई तक नालो में पानी का बहाव रहता है। यह वन विभाग के द्वारा नरवा विकास अंतर्गत किये गये कार्यों की वजह से देखने को मिल पा रहा है। वर्ष 2019-20 2020-21 एवं 2021-22 में बेस लाईन सर्वे के रिपोर्ट अनुसार जिन जगहों पर नरवा विकास के तहत संरचनाओं का निर्माण किया गया है उन जगहों पर भू-क्षरण में कमी आई है। ग्राम जुनवानी, चक्रधरपुर, बंगुरसिया के ग्रामीण कृषक जयदेव प्रधान, विराट प्रधान, कृष्णा माझी, उग्रसेन नायक, मानसिंग एवं आनंद सिदार के घरों में निर्मित कुंओं में के अनुसार वार्षिक औसतन पानी की गहराई बढ़ी है। जल संचय और जल स्त्रोतों के संरक्षण-संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वकांक्षी योजना नरवा विकास योजना के अंतर्गत वनों से निकलने वाली नालों को उपचारित करने के लिए वन विभाग कैम्पा मद के वार्षिक कार्ययोजना के माध्यम से कार्य हो रहे हैं। भू-जल संवर्धन कार्यों से बिगड़े वनों का सुधारने मिट्टी में नमी का बनाये रखने, नालों के किनारों में हो रहे कटाव की रोकथाम के साथ साथ नालों से खेतों में पानी की व्यवस्था होने से खेती में किसानों को नयी मजबूती मिल रही है। तालाब, चेकडेम, स्टापडेम के माध्यम से वर्षा जल का संचयन हुआ, जिससे सिंचित क्षेत्र में बढ़ोतरी हो रही है तथा भू-जल स्तर में लगातार बढ़ोतरी आंकी जा रही है। जिसका फायदा किसान ट्यूवेल के माध्यम से ले रहे हैं। नरवा विकास कार्यों से वनांचल क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल रहा है। उनको अपने ही क्षेत्रों में रोजगार मिल रहा है। नरवा विकास के कार्य वन क्षेत्र के किसानों के साथ साथ वन्यप्राणियों के लिये उपयोगी साबित हो रहे हैं।

## खास खबर...



### गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हुई डॉ. दीक्षा

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ संपूर्ण दर्शन पुस्तक का विमोचन रायपुर के वृंदावन हाल में किया गया। इस दौरान संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व सांसद डॉ नंद कुमार साय, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत डा. रामसुंदर दास उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ सम्पूर्ण दर्शन छंदमयी विशाल साझा संकलन गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना स्थान बना चुकी है। विशेष बात यह कि दुर्ग जिले के डॉ. दीक्षा चौबे को संस्कृति विभाग से और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा सम्मानित किया गया। इस छत्तीसगढ़ संपूर्ण दर्शन में 72 साहित्यकार शामिल हैं, जिसमें मुख्य रूप से चौहान, आशा आजाद, माधुरी डड़सेना, प्रेमचंद साव, मणिलाल पटेल एवं अन्य साहित्यकार शामिल हैं। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष राजभाषा आयोग डॉ. विनय मोहन पाठक, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की संवाददाता डॉ.सोनल राजेश शर्मा, राजभाषा आयोग डा.अनिल भतपहरी, माणिक विश्वकर्मा, डा.स्नेहलता पाठक, डा. लखन पड़रिया शामिल हुए।

### कायस्थ समाज ने राजेंद्र निगम को किया सम्मानित

**रायपुर ( ए )।** श्रीचित्रगुप्त जयंती आयोजन समिति रायपुर ने बीते दिनों मेडिकल कॉलेज सभागार में प्रदेश भर से आए कायस्थ समाज के विशिष्ठ कार्य के लिए अनेक लोगों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बिहार के पूर्व मंत्री नितिन नवीन, पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं अखिल भारतीय कायस्थ समाज के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आर के सिन्हा, सांसद सुनील सोनी, विधायक बृजमोहन अग्रवाल, संयोजक संजय श्रीवास्तव, आर. पी. श्रीवास्तव, रज्जन श्रीवास्तव, उषा श्रीवास्तव, राजेन्द्र श्रीवास्तव की उपस्थिति में समाजसेवा के लिए शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर राजेन्द्र निगम पिता स्व. हरिशंकर निगम, अध्यक्ष कुलदीप निगम वृद्धाश्रम माना कैम्प रायपुर का सम्मान किया।

# छत्तीसगढ़ के सभी महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन में लाने का प्रयासः उमेश पटेल, स्कॉच सिल्वर अवार्ड मिलने पर दी बधाई

उच्च शिक्षा विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉच सिल्वर अवार्ड मिलने पर विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को दी बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने उच्च शिक्षा विभाग को प्रोजेक्ट असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन में राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉच सिल्वर अवार्ड से सम्मानित होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दिशा-निर्देश में उच्च शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए किए गए प्रयासों के कारण छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर यह अवार्ड प्रदान किया गया है। उच्च शिक्षा विभाग का यह प्रयास है कि छत्तीसगढ़ के सभी महाविद्यालयों को नैक एक्रेडिटेशन में लाया जाए, इसके लिए मिशन मोड पर कार्य किया जा रहा है। मंत्री पटेल ने इस उपलब्धि के लिए उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

गौरतलब है कि उच्च शिक्षा के स्तर की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नैक के द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदण्डों के अनुरूप शैक्षणिक अधोसंरचना एवं अकादमिक स्तर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड पर नैक से संबद्धता प्राप्त करने का अभियान प्रारंभ किया गया है। प्रदेश के कुल 211 अहर्ता प्राप्त शासकीय महाविद्यालयों में से 197 शासकीय महाविद्यालयों का नैक से मूल्यांकन कराकर छत्तीसगढ़ देश में सर्वोच्च स्थान पर है। जून 2020 में मात्र 32 शासकीय महाविद्यालय नैक से मूल्यांकित थे।

# छत्तीसगढ़ रोड एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के संचालक मण्डल की बैठक सम्पन्न




### छत्तीसगढ़ रोड एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ रोड एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के संचालक मण्डल की 32वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्पोरेशन के अंतर्गत स्वीकृति सड़कों की प्रशासकीय स्वीकृति और निविदा की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में चर्चा के उपरांत विभिन्न प्रस्ताव अनुमोदित किए गए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि कार्पोरेशन द्वारा 519 सड़कों के कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इन सड़कों की लम्बाई करीब 3126 किलोमीटर से अधिक है। मुख्य सचिव ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने को कहा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस बैठक में सचिव लोक निर्माण विभाग सिद्धार्थ कोमल परदेशी, वित्त विभाग के सचिव अंकित आनंद, राजस्व विभाग के सचिव एन.एन.एक्का, विशेष सचिव नगरीय प्रशासन डॉ. अयाज तम्बोली, छत्तीसगढ़ रोड एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक सारांश मित्तर सहित संचालक मण्डल के अन्य सदस्य शामिल हुए।

# महासमुंद जिले के कमार जनजातियों के बीच पहुंचे राज्यपाल हरिचंदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन आज महासमुंद जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्राम बासंकुड़ा पहुंचे और वहां के ग्रामीणों से मिलकर उन्हें प्रशासन से मिल रही मूलभूत सुविधाओं की, उनकी आर्थिक स्थिति आदि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य शासन द्वारा समाज के गरीब, वंचित वर्ग और अंतिम छोर के व्यक्तियों के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं, जिसका लाभ ग्रामीणों को अवश्य लेना चाहिए।



राज्यपाल हरिचंदन ने ग्राम बासंकुडा में आयोजित कार्यक्रम में कमार जनजाति परिवारों, स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों से मुलाकात की और बिहान महिला स्व सहायता समूहों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया। महिलाओ ने उनके द्वारा उत्पादित बांस, छिंद की बनी टोकरियां, सजावट की सामग्री, माटी कला, टेराकोटा आर्ट से निर्मित सामग्रियों एवं खाद्य सामग्री आदि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले के कलेक्टर और अन्य अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि योजना का लाभ आप लोगों तक पहुंचे। कोई भी समस्या हो तो कलेक्टर को बताएं और ज्यादा बड़ी समस्या हो तो मुझे भी बता सकते हैं। उन्होंने कुछ महिलाओं से हिन्दी और ओडिया भाषा में आत्मीयता के साथ बातचीत की। महिलाओं ने राज्यपाल को बांस से बनी टोकरियां भेंट की।

राज्यपाल ने कहा कि महासमुंद जिला छत्तीसगढ़ और ओडिशा का सीमावर्ती जिला है। दोनो राज्य के निवासी भाई-भाई हैं। भारत की संस्कृति अनोखी है। सभी संस्कृतियों का यहां संगम होता है। इसलिए भारत विश्व गुरू कहलाता है।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो ने भी अपना संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल पहली बार आदिवासी क्षेत्र के निवासियों से प्रत्यक्ष मुलाकात करने और योजनाओं का क्रियान्वयन देखने पहुंचे हैं।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने कमार जनजाति के किसानों को उड़द बीज का मिनी किट, बैट्री स्प्रेयर, गर्भवती महिलाओं को सुपोषण किट और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को सामग्री, दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल वितरण किया। राज्यपाल ने परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर राज्यपाल के उप सचिव दीपक अग्रवाल, महासमुंद कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी, सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा क्षेत्र के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# पाइल्स का जड़ से खात्मा करेगा केला, जानिए कब और कितने केले खाने से मिलेगा फायदा

किसी को अगर पाचन संबंधी समस्या हो जाए, तो ये उसके लिए बड़ी परेशानी का सबब बन जाता है. पाइल्स या कहें बवासीर खासतौर पर किसी के लिए भी बहुत खराब हो सकता है. पाइल्स की ज्यादातर समस्या तब शुरू होती है, जब डाइट में फाइबर और पानी की कमी होने लगती है. इसकी वजह से कब्ज होता है और ये बीमारी बढ़ते-बढ़ते पाइल्स का रूप धारण कर लेती है. कई सारे घरेलू तरीकों से पाइल्स का इलाज किया जाता है. इसमें केला खाना सबसे लाभकारी ऑप्शन में से एक माना जाता है. पाचन संबंधी समस्याओं के निवारण के लिए ताजे फलों और सब्जियों को सबसे अच्छा माना जाता है. इनके सेवन से डाइजेस्टिव सिस्टम और मेटाबॉलिज्म अच्छा रहता है. पेट में खाना नहीं पचने की वजह से भी बवासीर हो सकता है. आयुर्वेदिक एक्सपर्ट्स के मुताबिक, केले को एक ऐसे फल के तौर पर जाना जाता है, जो कब्ज के लिए रामबाण है. कब्ज की वजह से बवासीर की शुरुआत होती है. ऐसे में अगर पाइल्स का इलाज करना है, तो केले को इस्तेमाल करने का सही तरीका जानना जरूरी है.

### कैसे करें केले का इस्तेमाल?

अगर किसी को लंबे समय से कब्ज है, तो इसकी वजह से उसके मलाशय और गुदा में नसों में सूजन आ जाती है, जो बवासीर का कारण बनते हैं. ऐसा होने पर उस व्यक्ति को काफी दर्द सहना पड़ता है. बवासीर यानी पाइल्स से निपटने के लिए घरेलू उपचार और मेडिकल ट्रीटमेंट दोनों ही उपलब्ध हैं. हालांकि, अगर आप अपनी डाइट को ठीक ढंग से बरकरार रखते हैं, तो इस समस्या से निपटा जा सकता है. शरीर में पानी और फाइबर की मात्रा का होना बहुत जरूरी है. यही वजह है कि कब्ज से निपटने के लिए सबसे जरूरी फल केला होता है. इसमें नेचुरल लैक्सेटिव होते हैं, जो कब्ज को दूर भगाते हैं. अगर कोई बवासीर से परेशान है, तो वह केले का सेवन कर सकता है. इससे उसके पेट को आराम मिलेगा और मल त्यागना आसान हो जाएगा. इस दौरान दर्द का सामना भी नहीं करना पड़ेगा. केले के भीतर कई सारे एंटीबायोटिक गुण भी होते हैं, जो बवासीर की वजह से प्रभावित हुए हिस्से में बैक्टीरिया को खत्म करने का काम करते हैं. बवासीर से निपटने के लिए हमेशा पका हुआ केला खाना चाहिए. एक्सपर्ट्स का कहना है कि सोने से पहले दो केले खाना और फिर फाइबर युक्त भोजन करना बवासीर से निपटने का सही तरीका है. इसके साथ ही भरपूर पानी पीना भी जरूरी है.

# अगर आप भी हैं टमाटर खाने के शौकीन, तो जरा संभल जाएं, सिर्फ फायदे ही नहीं नुकसान भी हैं

हम में से ज्यादातर लोगों को टमाटर खाना बहुत पसंद होता है. हो भी क्यों ना, सब्ज़ी हो या सलाद टमाटर के बिना सब अधूरे हैं. हालांकि ये तो आपने सुना ही होगा कि अति किसी भी चीज की नुकसानदायक हो सकती है. ठीक इसी तरह टमाटर खाना जितना फायदेमंद है जरूरत से ज्यादा खाना उतना ही नुकसानदायक. दरअसल टमाटर में विटामिन, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट जैसे कई न्यूट्रिएंट्स होते हैं जो सेहत के लिए फायदेमंद तो होते हैं लेकिन अगर इन्हें ज्यादा मात्रा में लिया जाए तो यह नुकसान भी कर सकते हैं. तो देर न करते हुए चलिए आपको बताते हैं टमाटर के ज्यादा सेवन से क्या नुकसान हो सकते हैं.



### बढ़ सकती है एसिडिटी

टमाटर विटामिन सी की मात्रा से भरपूर होते हैं इसलिए टमाटर में अधिक प्रॉपर्टी भी होती है. इसलिए जरूरत से ज्यादा टमाटर का सेवन करने से एसिडिटी की दिक्कत हो सकती है. टमाटर को एक लिमिटेड क्वांटिटी में ही खाना चाहिए.

### गैस की समस्या

अगर आप पेट में गैस बनने की समस्या से परेशान रहते हैं तो टमाटर का ज्यादा सेवन करने से बचना चाहिए. दरअसल टमाटर पेट में गैस बनने का एक बड़ा कारण बन सकता है. इसलिए गैस की समस्या से बचना है तो टमाटर सीमित मात्रा में ही खाएं.

### हो सकती है पथरी

पथरी के मरीजों को गलती से भी टमाटर नहीं खाना चाहिए. दरअसल टमाटर के बीजों की वजह से पथरी बढ़ने की दिक्कत हो सकती है. वहीं अगर टमाटर खाते भी है तो उनका बीज अलग करके खाएं.

### सीने में जलन

टमाटर जितना फायदेमंद है उतना ही नुकसानदायक हो सकता है अगर आप इसे ज्यादा मात्रा में खाते कई लोगों को सीने में जलन महसूस हो सकती है, क्योंकि टमाटर में विटामिन सी होता है जिससे गैस की समस्या बढ़ सकती है और सीने में जलन जैसी समस्या हो सकती है. अगर आप ज्यादा टमाटर खाना पसंद करते हैं तो अभी सावधान हो जाएं.

# फिल्म आदिपुरुष का ट्रेलर हुआ रिलीज, प्रभास बने भगवान श्रीराम, पर्दे पर दिखी रामायण की झलक

फिल्म आदिपुरुष पिछले काफी समय से चर्चा में है। दर्शक लंबे समय से इसके ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे, जो अब आखिरकार खत्म हो गया है। फिल्म भले ही कई बार विवादों से घिरी रही हो, लेकिन दर्शक एक बार फिर रामायण को बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं। दुनियाभर के डिजिटल प्लेटफॉर्म और थिएटर में एक साथ आदिपुरुष का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 70 देशों में इसका ट्रेलर लॉन्च किया गया है।

ट्रेलर में राम के वनवास जाने से लेकर हनुमान मिलन, लंका दहन और उस पर वानर सेना की चढ़ाई तक दिखाई गई है। फिल्म की पूरी स्टारकास्ट की झलक ट्रेलर में देखने को मिली है। भगवान श्रीराम बने प्रभास को पराक्रमी योद्धा के रूप में दिखाने की कोशिश की गई है, जो रावण (सैफ अली खान) का घमंड तोड़ने के लिए लौट आए हैं। सीता माता सीता के किरदार में कृति सैनन भी जंच रही हैं।



मुंबई में एक दिन पहले एआईबी सिनेमा पर प्रशंसकों के लिए इसकी स्क्रीनिंग रखी गई थी और रिलीज होने से पहले ही लोगों ने सोशल मीडिया पर इसे लीक कर दिया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया। आदिपुरुष ट्रेलर के कई सारे रिकॉर्डेड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जो लोगों को बड़े पसंद आए। हालांकि, सोशल मीडिया पर ट्रेलर लीक करने वालों के खिलाफ जब कार्रवाई हुई तो वो सभी वीडियो डिलीट कर दिए गए।

आदिपुरुष को प्रतिष्ठित ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। यह फिल्म 16 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। रिलीज से कुछ दिनों पहले यानी 13 जून को आदिपुरुष का प्रीमियर ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में किया जाएगा। फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर के लिए कुछ ही समय में सारे टिकट बिक गए। प्रभास ने इसे लेकर खुशी जाहिर कर कहा था कि वह फिल्म फेस्टिवल में दर्शकों की प्रतिक्रिया जानने को बेहद उत्साहित हैं।

आदिपुरुष ओम राउत के निर्देशन में बनी है। उनका कहना है कि यह एक ऐसी फिल्म है, जिस पर हर भारतीय को गर्व होगा। भूषण कुमार ने इस फिल्म को बनाया किया है। पहले इस फिल्म का बजट 500 करोड़ रुपये बताया जा रहा था, लेकिन वीएफएक्स में सुधार के लिए किए गए खर्च के बाद अब इसका कुल बजट 600 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इसके जरिए पहली बार प्रभास और कृति ने साथ काम किया है।



# लिजा मलिक ने दिल्ली में डिजाइन किया अपना घर, बोलीं: यह निजी स्पर्श देता है

अभिनेत्री और गायिका लिजा मलिक ने इंटीरियर डिजाइनिंग में अपनी रुचि और दिल्ली में अपने घर की डिजाइनिंग के बारे में बात की। अपने दम पर आंतरिक सज्जा करने के बारे में उन्हें सबसे ज्यादा क्या पसंद है, इस बारे में साझा करते हुए लिजा ने कहा : अपने घर को डिजाइन करने के फायदों में से एक यह है कि हम हर चीज से खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। मुझे अपने घर को सजाना और अपने घर को स्टाइल से भरना पसंद है। अभिनेत्री ने कहा कि वह बिना किसी दखल के अपनी पसंद से सब कुछ डिजाइन कर सकती हैं। लिजा ने 'तोरबाज' से बॉलीवुड में कदम रखा और 'कॉमेडी क्लासेस', 'कॉमेडी सर्कस', 'भाग बकूल भाग' जैसे टीवी शो में काम किया।

अभिनेत्री ने कहा कि जब कोई घर को सजाता है तो हर चीज में एक भावनात्मक स्पर्श होता है जो पेशेवर इंटीरियर डिजाइनरों के साथ संभव नहीं है।

उन्होंने कहा, मैं इसे अपने दम पर करना पसंद करती हूं और मेरा मानना है कि यह अनावश्यक महंगी वस्तुओं की तुलना में कहीं बेहतर सजावट को एक व्यक्तिगत स्पर्श देती है। यह एक शानदार अनुभव था और मैं अपने काम से पूरी तरह खुश हूं।

# पलक तिवारी ने जगह-जगह से कटी ड्रेस पहनकर कराया हुस्न का दीदार

बॉलीवुड एक्ट्रेस पलक तिवारी हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो इंटरनेट पर आग लगा देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लेटेस्ट तस्वीरों में उन्होंने अपने हुस्न का दीदार कराया है। इन फोटोज में पलक तिवारी की हॉटनेस देख फैंस के दिलों की धड़कनें तेज हो गई हैं। किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस पलक तिवारी आए दिन अपनी हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर अपलोड करती रहती हैं। एक्ट्रेस हर बार स्टाइलिश लुक्स की तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर ग्लैमर का तड़का लगा देती हैं। हाल ही में पलक तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर एक बार फिर से इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। इन फोटोज में एक्ट्रेस का सेक्सी अंदाज देख कर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। पलक तिवारी ने अपने लेटेस्ट लुक में येलो कलर की मिनी स्कर्ट पहनी हुई है। एक्ट्रेस की ये ड्रेस जगह-जगह से कटी हुई है। एक्ट्रेस ने अपनी इन तस्वीरों में ऐसी-ऐसी जगह हाथ रखकर पोज दिए हैं जिसे देखकर फैंस आहें भरने लगे हैं। ओपन कर्ली हेयर,कानों में इयररिंग्स और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि पलक तिवारी जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।



दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### ई-जनचौपाल के माध्यम से पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण

**कांकेर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा प्रत्येक सोमवार को ई-जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय से बाहर दूर-दराज के लोग अपने विकासखण्ड के जनपद कार्यालय में स्थित वीडियो कान्फ्रेंसिंग से तथा कांकेर विकासखण्ड के नागरिक जिला कार्यालय में उपस्थित होकर कलेक्टर को अपनी समस्या से अवगत करा रहे हैं, जिनका त्वरित निराकरण भी हो रहा है। कलेक्टर द्वारा लोगों की समस्या को गंभीरता से सुना जाकर उनके निराकरण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है। ई-जनचौपाल के माध्यम से सेवानिवृत्त शासकीय सेवक भी अपनी समस्याओं का निराकरण पा रहे हैं। सेवानिवृत्त होने के पश्चात् स्वत्वों के भुगतान में विलंब होने पर सेवानिवृत्त प्राचार्यों एवं शिक्षकों द्वारा ई-जनचौपाल में कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला को अपनी समस्या बताई गई। कलेक्टर ने उनकी समस्या को गंभीरता से सुनकर जिला शिक्षा अधिकारी को पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। जिसके फलस्वरूप लंबित पेंशन प्रकरण भी निराकृत हुए हैं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाबू दबेना के सेवानिवृत्त प्राचार्य नारायण लाल दीपक का पेंशन प्रकरण तकनीकी कारणों से लंबित था, जो अब निराकृत हो चुका है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरादाह के सेवानिवृत्त प्राचार्य फगूराम नेताम का पेंशन प्रकरण एवं हीरासिंह सूर्यवंशी का परिवार पेंशन का निराकरण हुआ है। इसी प्रकार कांकेर विकासखण्ड के विमला दर्रो का लंबित जीपीएफ राशि का भुगतान, नरहरपुर विकासखण्ड के गोकुल कोर्राम का पेंशन राशि का भुगतान तथा कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के सुभाष चन्द्र सरकार का पेंशन प्रकरण का निराकरण किया गया है।

### संसदीय सचिव ने अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन किया

**महासमुंद।** महासमुन्द विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष की सौगात मिली है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने करीब सवा तीन करोड़ की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अतिरिक्त भवन बनने से बच्चों को अध्यापन कार्य मे सहूलियत होगी। लहंगर व अमलोर में क्षेत्र के स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, बीज अनुसंधान समिति के संचालक दाउलाल चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, थनवार यादव, दिलीप जैन, राधेलाल सिन्हा, सरपंच मीनाबाई देवदास, सरपंच रूपा यादव, मानिक साहू, केशव चौधरी मौजूद थे। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि प्राथमिक स्कूल कुकराडीह, प्राथमिक स्कूल बकमा, प्राथमिक स्कूल परसाडीह, प्राथमिक स्कूल सोरिद, शासकीय माध्यिक स्कूल अचानकपुर, शासकीय माध्यमिक स्कूल बनपचरी, शासकीय माध्यमिक स्कूल डूमरपाली, शासकीय हाईस्कूल खट्टा, शासकीय हाईस्कूल अचानकपुर, शासकीय हाईस्कूल अमलोर, शासकीय हाईस्कूल लहंगर, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पीढ़ी, शासकीय प्राथमिक स्कूल अमलोर, शासकीय प्राथमिक स्कूल भोरिंग, शासकीय प्राथमिक स्कूल बड़गांव, प्राथमिक स्कूल बेलटुकरी, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रायतुम व शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बेमचा में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण होना है। इससे अध्यापन में सुविधा हो सकेगी।

### सामाजिक सरोकारः अभाविप ने पक्षियों के लिए सकोरे रखें

**कोरबा।** भीषण गर्मी के दौर में सभी का हाल बेहाल है। मनुष्य को राहत देने के लिए कई प्रकार से कोशिश हो रही है लेकिन पक्षी खुद होकर अपनी समस्या किसी से साझा नहीं कर सकते। इसलिए इस मौसम में उन्हें दाना पानी मुहैया कराने के लिए लोग सामाजिक सरोकार दिखा रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने एक अभियान के अंतर्गत कोरबा जिले और विभाग में पक्षियों को पानी देने कई जगह सकोरे लगाए। गर्मी में बेजुबान पक्षी पानी के लिए इधर उधर भटकते रहते है इसलिए हर किसी को इसका ध्यान रखना जरूरी हो गया है। कहा जा रहा है कि पक्षियों के लिए घरों की छतों में पानी रखा जाए। एबीवीपी छात्र हिट के अलावा विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से अलगण्अलग समाज सेवा के कार्य भी करती है । आगामी दिनों में विद्यार्थी परिषद् द्वारा सकोरा अभियान चलाया जाएगा। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने सभी लोगो से निवेदन किया, कि इस भीषण गर्मी में कम से कम हर व्यक्ति को एक सकोरा अपनी अपनी छतो पर रखिए तथा पक्षियों के लिए दाना पानी भी रखिए ताकि बेजुबान पक्षियों को भी इसका लाभ मिल सके और समाज मे जो युवा वर्ग है वो इससे प्रेरणा लेकर सामाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी निभाएं । विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं ने यह भी बताया कि विद्यार्थी परिषद ने अपने आयाम एसएफडी के तहत ये जिम्मेदारी ली है कि वह बेजुबान पक्षियों के लिए सकोरा लगाएगा।

# परंपरागत व्यवसायों को आगे बढ़ाने हमारी सरकार प्रतिबद्ध, इससे युवा जुड़ रहे परंपरागत व्यवसाय से

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर। पैरा से बना सबसे बड़ा पोट्रेट बनाया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का, गोल्डन बुक आफवर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज सर्व समाज के लिए 25 लाख रुपए के सामुदायिक भवन की घोषणा, गोडगिरी में खुलेगा सहकारी बैंक, स्वामी आत्मानंद योजना से होगा हसदा के स्कूल का उन्नयनपैरा से बना सबसे बड़ा पोट्रेट बनाया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का, गोल्डन बुक आफवर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज सर्व समाज के लिए 25 लाख रुपए के सामुदायिक भवन की घोषणा, गोडगिरी में खुलेगा सहकारी बैंक, स्वामी आत्मानंद योजना से होगा।**

महान संत गाडगे जी महाराज की 147 वीं प्रदेश स्तरीय जयंती एवं सामाजिक महाधिवेशन कार्यक्रम में शामिल होने बेमेतरा जिले के बेरला ब्लाक के ग्राम हसदा पहुंचे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सामाजिकजनों को अपने संदेश में कहा कि वैश्वीकरण के इस समय में परंपरागत व्यवसायों के लिए जो चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं। उससे निपटने के लिए इन्हें सक्षम बनाने हमारी सरकार ने कई तरह की योजनाएं बनाई हैं ताकि युवाओं को ऋण मिल सके, रीपा आदि के माध्यम से इन्हें जगह मिल पाए। रजक कल्याण बोर्ड का गठन भी इसी उद्देश्य से किया गया है ताकि रजक समाज के युवाओं को उद्यम के लिए मदद दी जा सके।

अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि रजक कल्याण बोर्ड के गठन के माध्यम से हम रजक समाज के युवाओं को स्वरोजगार के लिए अवसर प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से मैंने महसूस किया कि हमारे समाज के परंपरागत व्यवसाय पिछड़ते जा रहे हैं। उनके क्षेत्र में काम करने निजी कंपनियां आ रही हैं। यह बड़ी चुनौती थी। इसे निपटने के लिए हमने पारंपरिक व्यवसायों को मजबूत करने निर्णय लिये।

समाज जनों के हितों के लिए काम किये। उनसे बातचीत कर उनकी समस्या का समाधान करने निर्णय लिये गये। रजक समाज को बढ़ाने के लिए रजक कल्याण बोर्ड हमने बनाया है। जो युवा ड्राइक्लीनिंग का व्यवसाय आरंभ करना चाहते हैं। उन्हें शासकीय योजनाओं के माध्यम से ऋण एवं अन्य सहयोग दिया जा रहा है। इसके साथ ही हमने रीपा की शुरूआत भी की है। आपको व्यवसाय के लिए जगह और अधोसंरचना की जरूरत नहीं, इसके साथ ही रीपा में बैंक लिंकेज एवं अन्य सुविधा भी हम उपलब्ध करा रहे हैं। प्रत्येक ब्लाक में हमने दो रीपा आरंभ किये हैं। इसके साथ ही हमने निर्णय लिया है कि जिस गौठान में 5 क्विंटल से अधिक की गोबर खरीदी होगी, वहां पर बिजली बनाने का संयंत्र स्थापित किये जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वच्छता के संत कहे जाने वाले संत श्री गाडगे जी को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अनिवार्य अंग है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सर्व समाज के सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा भी की। साथ ही उन्होंने गोडगिरी में सहकारी बैंक की घोषणा भी की। हसदा में स्थित खूबचंद बघेल स्कूल को स्वामी आत्मानंद स्कूल के रूप में अपग्रेड करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर संत गाडगे पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया। इस मौके पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे, विधायक आशीष छाबड़ा सहित समाज के अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री का पोट्रेट भी मितान क्लब ने भेंट किया। यह पोट्रेट पैरा से बनाया गया है। इसकी लंबाई-चौड़ाई 20 बाई 15 फीट की है। इससे पहले छत्तीसगढ़ महतारी का पैरा से बना पोट्रेट बनाया गया था जो ढाई बाई चार फीट का था। मुख्यमंत्री के इस पोट्रेट को गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड ने अपने रिकार्ड में भी दर्ज किया है। यह पोट्रेट मितान क्लब के श्री अर्पित परगनिहा एवं कलाकारों ने तैयार किया है। इस मौके पर हसदा सहकारी समिति के अध्यक्ष श्री विनोद परगनिहा एवं अन्य सदस्यों ने मुख्यमंत्री को तिरंगे के रंगों के लड्डुओं से तौलकर स्वागत किया।

## गुणवत्ता के साथ जल जीवन मिशन के कार्यों में लाए तेजी- कलेक्टर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** जल जीवन मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है, इन कार्यों में प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, इन कार्यो में प्रगति लाने के साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उक्त बातें कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टर कक्ष में आयोजित जल जीवन मिशन की बैठक में कही। आयोजित बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सारंगढ़ कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी भी जुड़ी हुई थी।

वहीं बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, अपर कलेक्टर संतन देवी जांगड़े उपस्थित रही। कलेक्टर सिन्हा ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर श्री सिन्हा ने विकासखंडवार जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि धरमजयगढ़ जैसे सुदूर क्षेत्रों में कार्यो की स्थिति अत्यंत धीमी है। उन्होंने कार्य की प्रगति बढ़ाने के निर्देश देत हुए टेंडर प्रक्रिया की जानकारी ली, संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि टेंडर प्रकिया पूर्ण कर लिया गया है आगामी दिनों कार्यों में तेजी आ जाएगी। उन्होंने क्रेडा के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यो में गुणवत्ता से समझौता की शिकायत आ रही है, उन्होंने संबंधित अधिकारी को ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे कार्यो का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान सारंगढ़ कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी ने भी कुछ ग्रामों में गुणवत्ताहीन कार्य किए जाने की जानकारी देते हुए क्रेडा को जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने ईई पीएचई श्री परीक्षित चौधरी को कहा कि कार्यान्वयन सहायता एजेंसी के कार्यो की मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है। आगामी समय से संबंधित एजेंसी जनपद सीईओ से कार्ययोजना लेकर सीईओ जनपद से कार्यो का वेरीफाई कराए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने ईई पीएचई को जल शक्ति से नारी शक्ति कार्यक्रम अंतर्गत जल जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम के लिए जनपद सीईओ से समन्वय करने के निर्देश दिए।

# आयुष्मान कार्ड बनाने विशेष अभियान प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशन पर जिले के शत-प्रतिशत लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य, राजस्व और पंचायत विभाग के समन्वय और संयुक्त प्रयासों से सभी विकासखंड में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य वृहत स्तर पर अभियान के तहत किया जा रहा है। कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जिले के सभी विकासखंड में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु नई कार्ययोजना बनाकर अभियान चलाया जा रहा है।

इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थी को अपना आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, राशन कार्ड रखना होगा। जिसके माध्यम से लाभार्थी की पात्रता सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा अभ्यर्थी कही भी कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र, यूटीआई-आईटीएसएल केंद्र पर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। जिले के सभी ब्लॉको में सर्वे का कार्य के साथ ही जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, उनका तत्काल आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। धमतरी जिला 83 प्रतिशत कव्हरेज के साथ पूरे प्रदेश में तीसरे स्थान पर है। जिले में अब तक 8 लाख 49 हजार 164 के लक्ष्य के विरूद्ध 7 लाख 8 हजार 533 लोगों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा प्रत्येक नागरिक तक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना का शुभारंभ किया गया था। आयुष्मान के माध्यम से लाभार्थियों को 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है। आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र नागरिकों को पंजीकरण करवाना होता है। जिसके पश्चात उनको आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जाता है। इस कार्ड को अस्पताल में दिखा कर लाभार्थी 5 लाख रुपए का मुफ्त उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी एंपेनल्ड हॉस्पिटल के माध्यम से अपना मुफ्त इलाज करवा सकता है।

आयुष्मान कार्ड योजना के तहत अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में कोरोना, कैंसर, गुर्दा रोग, हृदय रोग, डेंगू, चिकुनगुनिया, मलेरिया डायलिसिस, घुटना व कूल्हा प्रत्यारोपण, निःसंतानता, मोतियाबिंद और अन्य चिह्नित गंभीर बीमारियों का निःशुल्क उपचार इस योजना के तहत किया जाता है।

# मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने डौंडी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर विकास कार्यों की दी सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया ने आज जिले के डौण्डी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर अनेक विकास कार्यों की सौगात दी है। अपने दौरा कार्यक्रम के अंतर्गत आज मंत्री श्रीमती भेड़िया ने डौंडी विकासखंड के ग्राम महामाया, कोपेडेरा, मरारटोला, कोरेटीपारा, लखमाटोला और कामता में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।**

इस दौरान उन्होंने ग्राम महामाया में 02 लाख रुपये की लागत से रंगमंच, कोपेडेरा में 07 लाख रुपये की लागत से उचित मूल्य की दुकान, मरारटोला में 06 लाख 50 हजार रुपये की लागत से सामुदायिक भवन, कोरेटीपारा में 06 लाख 50 हजार रुपये की लागत से सामुदायिक भवन, लखमाटोला में 06 लाख 50 हजार रुपये की लागत से सामुदायिक भवन और कामता में 07 लाख रुपये की लागत से उचित मूल्य की दुकान के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर श्रीमती भेड़िया ने कहा कि रंगमंच, उचित मूल्य की दुकान एवं सामुदायिक भवन निर्माण ग्रामीणों की बहुत पुरानी मांग थी।



ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के मुखिया श्री भूपेश बघेल ने इन विकास कार्यों की स्वीकृति दी है। जिसके फलस्वरूप आज इन विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ। इसके लिए उन्होंने ग्रामीणों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल की नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार किसान, मजदूर सहित सभी वर्गों के हितों के प्रति कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए सर्वप्रथम किसानों का विकास करना अत्यंत आवश्यक है। इसे ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार के द्वारा किसानों के हित में अनेक जन कल्याणकारी योजना संचालित कर उनका सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों की हित में ऋण माफी से लेकर धान के समर्थन मूल्य बढ़ाने जैसे अनेक कार्यों को सफलतापूर्वक अमलीजामा पहनाया है।

इसके अलावा राज्य शासन द्वारा 65 प्रकार के वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी भी की जा रही है। जिससे वनों पर आश्रित रहने वाले ग्रामीणों को समर्थन मूल्य पर वनोपज बेचकर अपनी रोजमर्रा की आवायकता पूरी कर सकेंगे। इसके अलावा राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत भूमिहीन परिवारों को सहायता राशि भी दी जा रही।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष डौंडी श्रीमती बसंती दुग्गा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती करिश्मा सलामे, जनपद उपाध्यक्ष श्री पुनीत सेन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी-कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# संसदीय सचिव ने 2.30 करोड़ के पुलिया निर्माण हेतु किया भूमि पूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े ने आज जिले के जनपद भैयाथान अन्तर्गत तेलगवां सलका मार्ग पर डगमलापारा में 2.30 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े ने इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भूपेश बघेल की सरकार बनने के बाद राज्य और भटगांव विधानसभा में चारों तरफ विकास के कार्य निरंतर हो रहे हैं। सरकार किसानों, युवाओं, महिलाओं को ध्यान में रख कर योजना अनुरूप कार्य कर रही हैं। हमारी सरकार ने पहले किसानों का धान 2500 रूपये प्रति क्विंटल में खरीदा, अब किसानों को 2800 रूपये प्रति क्विंटल धान का मूल्य दिया जाएगा। साथ ही पहले प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान खरीदा जाता था, उसे बढ़ाकर 20 क्विंटल कर दिया गया है, जिसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत भी किसानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। प्रदेश में चारों तरफ पुल-पुलिया सड़क का निर्माण किया जा रहा है तथा जहां-जहां काम बाकी है उसे भी जल्द पूरा किया जाएगा। किसानों की सुविधा के लिए भटगांव, लटोरी, बिहारपुर में तहसील कार्यालय और बतरा, खोपा सहित कई जगह पर धान खरीदी केंद्र खोला गया है। साथ ही कई जगह पर नई सोसाइटी की स्थापना कराई गई है। कई जगह पर बैंक की शाखा भी खुलवाई है, जिससे कि किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। बच्चों को अंग्रेज़ी में पढ़ाई करने के लिए जिले के विभिन्न जनपदों में स्वामी आत्मानंद विद्यालय खोले हैं। युवाओं को 2500 रूपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता दिए जाने का कार्य किया जा रहा है।



Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर, अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### तोरवा पुलिस की कार्रवाई: देर रात मुहिम, गुंडा, निगरानी बदमाश सहित 4 पकड़े गए

**बिलासपुर (ए)।** तोरवा पुलिस ने एक फरार आरोपी, 1 निगरानीशुदा बदमाश को गिरफ्तार किया और दो के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। एसपी संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर तोरवा पुलिस ने सोमवार की देर रात को अभियान चलाया। इनमें घर घुसकर मारपीट तोड़फोड़ के फरार आरोपी विकास उर्फविक्कू भारती (23) व आकाश भारती (26), गीता भारती पति राजू भारती (58), खुशबु मसीह पति डेंजिल मसीह (30) देवरीखुर्द अटल आवास तोरवा में से विकास भारती को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह निगरानीशुदा बदमाशों में आबो उर्फ अलादिन (30) 12 खोली तोरवा, अनिश मसीह 33 नहरपारा देवरीडीह के खिलाफ 110 के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने अशांति फैलाने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

### आर्म्स एक्ट का केस दर्ज: रिवाल्वर दिखाकर डरा रहा बदमाश पकड़ा गया

**बिलासपुर (ए)।** सिरगिट्टी क्षेत्र में रिवाल्वर लेकर आतंक मचा रहे आदतन बदमाश को पुलिस ने लोगों की मदद से पकड़ा। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। सिरगिट्टी पुलिस को मंगलवार की दोपहर को सूचना मिली कि गणेश नगर नयापारा चौक के पास सिरगिट्टी नयापारा निवासी सुमित यादव उर्फ छर्रा उर्फ गोलू (23) रिवाल्वर लेकर मोहल्ले के लोगों को दिखाकर डरा धमका रहा है। पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी ने जाकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर सुमित भागने का प्रयास किया पर लोगों की मदद से उसे पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से देसी रिवाल्वर मिली। उसे जब्त कर मामले में 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया।

### मेहमानों से की मारपीट: शादी समारोह में जबरन घुसकर मचाया उत्पात

**भिलाई।** सोमवार की रात डंडों और पत्थरों से लैस असामाजिक तत्व शादी समारोह में जबरदस्ती घुस गए और जमकर उत्पात मचाया। मामला यादव छात्रावास पोलसाय पारा दुर्ग का है। तकिया पारा निवासी अनिल गुप्ता की पुत्री का विवाह कार्यक्रम चल रहा था। तभी रात करीब 12 बजे रिसेप्शन के दौरान पांच, छह गुंडा तत्व लड़के पंडाल में घुस गए। खाना भी खा लिए और मेहमानों व महिलाओं के साथ अश्लील हरकत व गालीगलौज करते रहे। बारातियों के वाहनों में पत्थरों व डंडों से तोड़फोड़ भी की।

खुज्जी विधायक छन्नी साहू का हाईवोल्टेज ड्रामा

# ओवरलोड गाड़ी छुड़ाने आरटीओ ऑफिस में रख दिया अपना मंगलसूत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** स्कूटी से विधानसभा जाने वाली राजनांदगांव जिले के खुज्जी विधानसभा की विधायक छन्नी साहू एक बार फिर चर्चा में है। इसबार उनकी चर्चा परिवहन कार्यालय में उनके ड्रामे को लेकर है। दरअसल आरटीओ उड़नदस्ते ने ओवरलोड मालवाहक को पकड़ा तो उसे छुड़ाने के लिए वे राजनांदगांव जिला परिवहन कार्यालय पहुंची। यहां नियमों का हवाला देते हुए परिवहन विभाग के अफसरों ने मालवाहक को नहीं छोड़ा। इस बाद विधायक छन्नी साहू इतनी बिफर गई कि अपना मंगगलसूत्र उतारकर रख दिया और इसी में चालान काटकर बाकी रुपए वापस मांगने लगी। काफी देर तक यह हंगामा चलता रहा।




दरअसल आरटीओ की उड़नदस्ता टीम द्वारा ग्राम जंगलपुर के पास ओवरलोड गाड़ियों पर कार्रवाई की जा रही थी। इस दौरान राजनांदगांव से गैंदाटोला की ओर जा रहे एक मालवाहक को रोका गया। मालवाहक में क्षमता से अधिक 2 टन धान का परिवहन किया जा रहा था। इस पर टीम द्वारा चालान कर उसे जब्त करके राजनांदगांव के जिला परिवहन कार्यालय में खड़ा कर दिया गया। जब इसकी जानकारी विधायक छन्नी साहू को मिली तो उन्होंने फोन पर अधिकारियों से बात की तो उन्होंने मालवाहक को छोड़ने से मना कर दिया।

जिस समय यह पूरा घटनाक्रम हुआ तब विधायक छन्नी साहू ग्राम सिंघोला में आयोजित कार्यक्रम में थीं। उनके फोन करने से भी अधिकारियों ने गाड़ी नहीं छोड़ी तो वे खुद आरटीओ कार्यालय पहुंच गई और जमकर हंगामा किया। इस दौरान आरटीओ अफसरों ने चालान जमा कर गाड़ी ले जाने कहा। तब विधायक छन्नी साहू ने अपना मंगलसूत्र उतारकर रख दिया और चालान की राशि जमा कर लेने कहा। इस दौरान अधिकारी भी सकते में थे। काफी देर तक यह ड्रामा चलता रहा।

इस मामले में विधायक छन्नी साहू ने कहा कि धान परिवहन वाली गाड़ी उनके परिचित की थी और उन्होंने फोन किया तो अधिकारियों ने वाहन छोड़ने से मना कर दिया। विधायक छन्नी साहू ने कहा कि आरटीओ कार्यालय पहुंचने पर चलान पटाने नगद राशि नहीं थी इस लिए मंगलसूत्र उतार कर दे दिया।

# बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट के शहर में नो एंट्री, 11 प्वाइंट पर तैनात रहेगी पुलिस







**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने व लोगों को नियमों के प्रति जागरुक करने सख्ती करने का प्लान बनाया है। बुधवार से शरह में बिना हेलमेट बिना सीट बेल्ट, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, नाबालिक द्वारा वाहन चालन एवं नशे में वाहन चालाने वालों की नो एंट्री करने जा रहा है।

दुर्ग पुलिस ने 10 मई से सख्त कदम उठाने जा रहा है। इसके लिए जिले प्रमुख 11 एंट्री प्वाइंट पर पुलिस के बल तैनात रहेगा जो बिना हेलमेट बिना सीट बेल्ट, दो पहिया वाहन में तीन सवारी वाहन चालकों को शरह में प्रवेश करने ही नहीं देगा। इस दौरान कुम्हारी टोल प्लाजा, अम्लेश्वर थाना के सामने, पाटन तर्रा नाका, जामगांव आर के सामने, मचांदुर चौकी, गाडाडीह नाका, अण्डा थाने के सामने, अंजोरा चौकी के सामने, नगपुरा चौकी, बोरी तिराहा, धमधा पुलिया, नंदनी बेरला रोड चेकिंग प्वाइंट पर बल को तैनात किया जाएगा। इस दौरान बैनर एवं पाम्पलेट वितरण कर वाहन चालको को यातायात नियमों का पालन करने समझाइश भी दी जाएगी। सुबह 6 से रात 8 बजे तक यहां पुलिस मुस्तैद रहेगी।

होटल में ठहरा प्रेमी जोड़ा, साथ में लगा ली फांसी

# घर से कम्प्यूटर क्लास जाने की बात कहकर निकले थे दोनों, परिजन को प्रेम संबंध की जानकारी ही नहीं

**कोरबा (ए)।** लड़के पर शादी का दबाव बढ़ने के बाद उरगा क्षेत्र में निवासरत प्रेमी जोड़ा रविवार की शाम शहर पहुंचा। शादी में शामिल होना है बताकर उन्होंने एक होटल में कमरा लिया, जहां फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

शहर के सीतामणी रोड पर स्थित होटल चंदेला में रविवार की शाम 7 बजे तिलकेजा निवासी दीपक चौहान (24) व पहंदा गांव की प्रियंका टंडन (22) पहुंचे। उन्होंने शहर में परिचित की शादी में शामिल होने आना बताकर कमरा लिया। कमरे में जाने के थोड़ी देर बाद वे मार्केट के लिए निकले, जहां से वापस लौटकर कमरे में चले गए। वे कमरा नंबर 302 में ठहरे थे। कमरा जब दोपहर तक नहीं खुला तो होटल के कर्मचारी ने डोर बेल बजाई। दरवाजा नहीं खुला तो आवाज लगाई। अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। कर्मचारी ने खिड़की से झांककर देखा तो उसके होश उड़ गए। अंदर पंखे के सहारे दोनों का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था।

घटना की सूचना सिटी कोतवाली में दी गई, जहां से एएसआई ईश्वरी लहरे घटनास्थल पहुंचे। होटल में जमा दस्तावेज से उनकी पहचान हो



गई। उनके परिजन को सूचना देकर बुलाया गया। मामले में मर्ग कायम व पंचनामा कार्रवाई करते हुए दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। दोनों घर से कम्प्यूटर क्लास जाने की बात कहकर निकले थे। उन्होंने अतिरिक्त कपड़ा, सामान या पैसा भी साथ में नहीं रखा था। सिटी कोतवाली टीआई निरीक्षक रूपक शर्मा के मुताबिक मामले में जांच की जा रही है।

### कम्प्यूटर क्लास भी किए

मृतक दीपक व प्रियंका दोनों ही ग्रेजुएट थे, वहीं दोनों के बीच एक साथ कम्प्यूटर क्लास करते हुए प्रेम प्रसंग हुआ, पर दोनों के ही परिजन ने उनके प्रेम संबंध की जानकारी नहीं होना बताया है। अलग-अलग गांव के होने से वे एक-दूसरे के परिवार के बारे में जानते भी नहीं।

# दुर्ग में 13 मई को नेशनल लोक अदालत 6000 से ज्यादा मामलों की होगी सुनवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2023 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत दुर्ग जिले में 13 मई को आयोजित की जाएगी। इस दौरान यह नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय दुर्ग, परिवार न्यायालय दुर्ग, श्रम न्यायालय दुर्ग, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएं) दुर्ग तथा किशोर न्याय बोर्ड, व तहसील न्यायालय भिलाई-3, पाटन में आयोजित की जाएगी

उक्त तिथि को आयोजित नेशनल लोक अदालत की तैयारी अपने अंतिम चरण में है जिसके तहत आपसी राजीनामा योग्य आपराधिक मामलें, सिविल मामलें, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित मामलें,



परिवार न्यायालय में पारिवारिक विवाद के प्रकरण, श्रम न्यायालय के प्रकरण स्थायी लोक अदालत में जनोपयोगी सेवा से संबंधित प्रकरण व राजस्व से संबंधित कुल 2300 से अधिक मामले एंव बैंक वित्तीय संस्था, विद्युत, दूरसंचार एवं नगर निगम के बकाया राशि के संबंध में संबंधित विभाग द्वारा न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जाने के पूर्व ''प्री-लिटिगेशन प्रकरण के कुल 4000 से अधिक मामलें सुनवाई हेतु रखे गये है। वहीं संबंधिवत चिन्हांकित व रखे गए मामलों के नेशनल लोकक अदालत की तिथि में अधिकाधिक संख्या में निराकरण किये जाने न्यायालय के पीठासीन अधिकारीगण द्वारा नियमित रूप से पक्षकारों के मध्य प्री-सीटिंग एवं बैठक का आयोजन अधिक संख्या में किये जा रहे है।

13 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में चिन्हाकिंत कर रखे गये मामलों की सुनवाई हेतु जिला न्यायालय दुर्ग परिवार न्यायालय दुर्ग, तहसील न्यायालय भिलाई-3 व पाटन एवं किशोर न्याय बोर्ड, जनोपयोगी सेवा से संबंधित स्थायी लोक अदालत तथा श्रम न्यायाल के कुल 32 खण्डपीठ का गठन माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग के निर्देशानुसार गठित किया गया है। संबंधित गठित खण्डपीठ में नेशनल लोक अदालत की तिथि में प्रकरणों की सुनवाई एवं निराकरण पक्षकारों के मध्य सौहाद्रपूर्ण वातारण में आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर अपने मामलों के निराकरण हेतु पक्षकार अधिक से अधिक संख्या में संबंधित गठित खण्डपीठ एवं न्यायालय में उपस्थित रहें और लोक अदालत के माध्यम से अपने मामलों का निराकरण कर समय एवं अन्य कठिनाइयों से बचे।

शादी में डांस करते बीएसपी के इंजीनियर की मौत

# भांजी की शादी में खुशी से रिश्तेदारों के साथ इतना नाचे कि आ गया हार्ट अटैक

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट के इंजीनियर दिलीप राउतकर को शादी समारोह में नाचते समय आर्ट अटैक आ गया, जिससे उनकी मौत हो गई। इस पूरी घटना का लाइव वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। भिलाई स्टील प्लांट से मिली जानकारी के मुताबिक दिलीप राउतकर दल्ली राजहरा में इलेक्ट्रिकर इंजीनियरिंग विभाग बीएसपी में असिस्टेंट इंजीनियर हैं। दिलीप के दोस्त केशव जाम्बुलकर ने बताया कि 4 मई को उनकी भांजी की दल्ली राजहरा में ही शादी थी। वो भांजी की शादी को लेकर काफी खुश थे। रात 12 बजे के करीब दिलीप और उनके रिश्तेदार स्टेज में दूल्हा दुल्हन के साथ डांस



करने लगे। 52 वर्षीय दिलीप इतना नाचे की डांस के बीच में ही उन्हें सीने में दर्द हुआ, लेकिन उन्होंने उस दर्द को नजरंदाज कर दिया। थोड़ी देर में उन्हें अटैक आया और व नाचते नाचते स्टेज में बैठे और फिर वहीं गिर गए। उनके साथ नाच रहे अन्य लोग ये देखकर घबरा गए। उन्होंने दिलीप को हिलाकर उठाने की कोशिश की, लेकिन तब तक दिलीप की सांसे थम चुकी थीं।

### डोंगरगढ़ में डॉक्टरों ने घोषित किया मृत

बताया जा रहा है कि अटैक आने के बाद दिलीप को तुरंत डोंगरढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अगले दिन पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। दिलीप की मौत के बाद शादी वाले घर में मातम पसर गया है। बेटियों के सिर से उठा पिता का सायादिलीप राउतकर के बड़े भाई राजेश राउतकर डोंगरगढ़ में आंख के डॉक्टर हैं। दिल्ली की 10 और 12 साल की दो बेटियां हैं। उनके जाने से बेटियों के सिर से पिता का साया उठ गया है।


**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला- दुर्ग (छ.ग.)**
परिशिष्ट- दो (नियम 4.4.2)
**द्वितीय निविदा प्रकाशन बाबत्**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक- 5003 दुर्ग, दिनांक 08.05.2023

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला दुर्ग छ.ग. की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत निर्माता फर्म या उनके अधिकृत विक्रेताओं से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये निम्नानुसार कार्यों हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

1. वाल राइटिंग, फोटोग्राफी एवं माइकिंग
2. प्रशिक्षण/बैठक हेतु भोजन, चाय, नाश्ता, हॉल किराया एवं ठहरने हेतु रुम
3. कार्यालयीन कार्य के लिये किराया वाहन
4. प्रपत्र, प्रचार- प्रसार सामग्री के मुद्रण एवं फोटोस्टेट
5. कम्प्यूटर, प्रिंटर रिपेयरिंग एवं काट्रेज रिफिलिंग

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र प्रस्तुत कर प्रति निविदा फार्म रुपये 1000/- (अक्षरी रुपए एक हजार मात्र) का नगद भुगतान कर निविदा प्रकाशन के दिनांक से 30.05.2023 को सायं 05.00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं.

| | |
|---|---|
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि | दिनांक 30.05.2023 को शाम 05.00 बजे तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 31.05.2023 को शाम 03.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 31.05.2023 को शाम 04.00 बजे तक |

स्थान- कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग

जी-01019/3

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला- दुर्ग (छ.ग.)



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद**
Phone No.:-07749-222370, Email Id :- ee-res.balod@gov.in
**संक्षिप्त निविदा सूचना द्वितीय बार**

क्रमांक/06/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2023-24 बालोद, दिनांक 08.05.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में ''डी''-वर्ग एवं उच्च श्रेणी में ठेकेदारों पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र-''अ'' पर दर्शित कार्य हेतु प्रतिशत दर प्राप्त करने निविदा दिनांक 18.05.2023 तक आमंत्रित की जाती है तथा प्राप्त निविदाओं को दिनांक 19.05.2023 को समय 11.30 बजे खोली जावेगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा की राशि लाख में |
|---|---|---|
| 1 | शास.उ.मा.वि. बासीन में पुस्तकालय कक्ष एवं शास.उ.मा.वि. छेड़िया में प्रयोगशाला कक्ष निर्माण वि.ख. गुरूर | 16.32 |
| 2 | शास.उ.मा.वि. करहीभदर एवं खपरी में कम्प्यूटर कक्ष एवं करहीभदर में कला एवं सांस्कृतिक कक्ष निर्माण वि.ख. बालोद | 20.00 |
| 3 | शास.उ.मा.वि. बोरगांव में कम्प्यूटर कक्ष एवं कला एवं सांस्कृतिक कक्ष निर्माण बोरगांव वि.ख. डौण्डी | 13.44 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी वेब पोर्टल https://res.cg.gov.in में दिनांक 08.05.2023 से देखी जा सकती है।

जी-01025/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद
जिला-बालोद (छ.ग.)



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

**खास - खबर**

## वार्डो में शिविर लगातार छुटे हुए हितग्राहियो के आयुषमान कार्ड बनाए जाएंगे

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम क्षेत्र सीमा अंतर्गत वार्डो में शिविर लगातार छुटे हुए हितग्राहियो के आयुषमान कार्ड बनाए जाएंगे।आयुषमान कार्ड शिविर का आयोजन लगातार दो दिवसीय प्रातः 10.00 से लेकर शाम 5.00 तक शिविर हेतु वार्ड क्रमांक 32 में खंडेलवाल भवन में वार्ड 30 व 31 के लिए शिविर में आयुषमान कार्ड बनाएं जाएंगे। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 09 मे भी दो दिवसीय वार्ड 05 व 06 के लिए दो दिन और आयुषमान कार्ड बनवाने के लिए वार्ड नागरिको की मिलेगी सुविधा।इस क्रम में शिविर में आपके द्वार आयुषमान कार्ड अभियान के तहत आज वार्ड 09 में 56 हितग्राहियो का बना आयुषमान कार्ड।शिविर में मौजूद श्रीमती रोशनी हिरवानी,संतोष कसार,अर्पण क्षत्रिय व हेमलता निषाद द्वारा बनाया गया।महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शहर के सभी छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाकर लाभ लेने अपील किया है। शहर के समस्त निवासी जिनका राशन कार्ड बना है एवं जिनका आधार कार्ड राशन कार्ड से लिंक है वे सभी आयुष्मान कार्ड हेतु पात्र है। ऐसे सभी हितग्राही अपने नजदीकी वार्ड जहाँ शिविर का आयोजन हो रहा है वहाँ जाकर अपने एवं अपने परिवार का आयुष्मान कार्ड बनवा ले।आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत बीपीएल राशन कार्ड धारियों को 05 लाख तक एवं एपीएल राशन कार्ड धारियों को 50 हजार तक आयुष्मान भारत योजना में पंजीकृत अस्पताल में अपना मुफ्त इलाज करा सकते है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका नियुक्ति, 22 मई तक दावा आपत्ति आमंत्रित

**दुर्ग।** एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-1 द्वारा नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र शारदापारा नंदनी रोड, संतरविदास नगर-1, महावीर चौंक, शंकर नगर छावनी, राजीव नगर (कार्यकर्ता के कुल 05 पदों) तथा आंगनबाड़ी केन्द्रजुनवानी-01, परदेशी चौंक, बजरंगपारा कोहका, अंबेड़कर नगर-02, राजीव गाँधी नगर-01, आजाद चौंक कैंप-01, विवेकानंद नगर, शारदापारा नंदनी रोड, अहमदनगर, सोनिया नगर, सुभाष नगर नंदनी रोड (सहायिका के कुल 11 पदों) पर, नगर पालिक निगम रिसाली अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र दुर्गा चौंक मरोदा तथा नेवई भाठा-05 उड़ियापारा (कार्यकर्ता के कुल 02 पदों) तथा आंगनबाड़ी केंद्र महुवारी मरोदा, पानी टंकी मरोदा, खदानपारा मोची मोहल्ला, दुर्गा पारा रूआबांधा (सहायिका के कुल 04 पदों) पर भर्ती हेतु 16 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। आमंत्रित आवेदनों पर दावा आपत्ति जारी किये जाने हेतु समिति की आयोजित बैठक में अनुमोदित अंतरिम मूल्यांकन पत्रक सर्व साधारण की सूचना हेतु बाल विकास परियोजना कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-01 जुनवानी चिखली मुख्य मार्ग जुनवानी भिलाई जिला दुर्ग एवं नगर पालिक निगम रिसाली के कार्यालय परिसर एवं नगर पालिक निगम भिलाई के कार्यालय परिसर में निर्धारित स्थान पर चस्पा किया गया है। वरियता एवं प्राथमिकता के संबंध में किसी आवेदिका को दावा आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के 12 मई से 22 मई 2023 तक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-01 जुनवानी चिखली मुख्य मार्ग जुनवानी भिलाई में अपनी लिखित दावा आपत्ति कार्यालयीन समय में दर्ज करा सकते हैं।

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं को अमल में लाने विभागीय पहल करें अधिकारी

### अपंजिकृत नर्सिंग होम की होगी जांच, बारिश पूर्व शहरी नालों की करें सफाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आज अधिकारियों की बैठक में राजस्व, नगरीय निकाय और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागों में समय-सीमा की लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणाओं को अमल में लाने विभागों द्वारा प्राथमिकता से कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए। इस हेतु अधिकारी शासन स्तर के मांगों के संबंध में विभागीय प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित करें।**



जिले में नर्सिंग होम एक्ट का गंभीरता पूर्वक पालन सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने सीएमएचओ को अपंजीकृत नर्सिंग होम की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा। कलेक्टर ने नगरीय निकाय के समीक्षा के दौरान अधिकारियों से कहा कि बारिश पूर्व शहरी क्षेत्र के नालों विशेष कर कोसानाला, तेल्हानाला, शंकरनाला, पुलगॉव नाला एवं अन्य ऐसे नाले जिसमें जल भराव से जन जीवन प्रभावित होने की संभावना बनी रहती है। ऐसे सभी नालों की समय पूर्व सफाई करा लेंवे। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को अविवादित नामांतरण, बटवारा, विवादित नामांतरण, सीमांकन व डायवर्सन के लंबित प्रकरण शत-प्रतिशत निराकृत करने कहा। उन्होंने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने कड़ाई से कार्रवाई करने कहा। बैठक के दौरान निर्वाचन कार्यों की तैयारी, मतदाता जागरूकता सर्वेक्षण व 13 मई को नेशनल लोक अदालत के दौरान सब डिजीनल स्तर पर खंड पीठ बनाने पर भी चर्चा हुई।

नगरीय निकायों में स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान विभिन्न गतिविधियों पर जोर देते हुए हितग्राही मूलक योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास व मोर मकान मोर चिन्हारी तथा राजीव गांधी आश्रय पट्टा वितरण लक्ष्य के मुताबिक पूर्ण करने कहा गया है। बारिश पूर्व सड़क मरम्मत एवं स्कूल मरम्मत कार्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने कहा गया। कलेक्टर ने गौठानों में गोबर खरीदी की औसत मात्रा बढ़ाने और निर्मित कम्पोस्ट खाद की बिक्री के लिए सभी एसडीएम को कार्ययोजना बनाकर किसानों को कम्पोस्ट खाद की बिक्री सुनिश्चित कराने कहा। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत् कार्यपूर्ण होने संबंधी प्रतिवेदन नियमित प्रस्तुत करने पीएचई विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत धमधा विकासखंड में 12 गॉव, दुर्ग में 4 गॉव, पाटन विकासखंड में 21 गॉव में संपूर्ण कार्य पूर्ण हो चुके हैं। बैठक में जिले के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में भर्ती प्रक्रिया, आयुष्मान कार्ड की अद्यतन स्थिति, सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण, बेरोजगारी भत्ता और मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिले में अभियान की सफलता के लिए आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, कार्यकर्ता एवं मितानिनों की प्रशिक्षण हेतु, बेहतर कार्ययोजना के साथ सीएमएचओ को प्रशिक्षण संपन्न कराने कहा। उन्होंने जिले को कुपोषण और एनीमिया मुक्त बनाने स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग को समन्वय एवं बेहतर कार्ययोजना के साथ कार्य करने कहा। बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, श्रीमती पद्मनी भोई, आयुक्त नगर निगम भिलाई रोहित व्यास, जिला पंचायत सीइओ अश्वनी देवांगन, संयुक्त कलेक्टर प्रवीण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, एसडीएम धमधा बृजेश सिंह क्षत्रिय, नगर निगम आयुक्त दुर्ग लोकेश चंद्राकर, आयुक्त नगर निगम रिसाली आशीष देवांगन, आयुक्त नगर निगम भिलाई चरौदा अजय त्रिपाठी एवं अन्य विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

## विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने किया सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम/ शहर विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने आज पटरीपार जवाहर नगर व शक्ति नगर वार्ड क्रमांक 17 कादम्बरी नगर में अशोक मिश्रा के मकान से तेज बहादुर और मित्तल के घर तक एवं वार्ड 18 में जवाहर नगर मेन रोड से गजेंद्र के घर तक और वार्ड 18 में इंडस्ट्रियल रोड चौड़ीकरण कार्यो के लिए रहवासियों के साथ मिलकर 71 लाख के सड़क डामरीकरण निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। आज से सड़क डामरीकरण निर्माण कार्य चल शुरू किया गया है।विधायक अरुण वोरा ने पटरीपार क्षेत्र का बीते दिनों सड़क का जायजा कर निरीक्षण किया गया था। क्षेत्रवासियों ने विधायक व महापौर को शुभकामनाएं देते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग के आयोग के उपाध्यक्ष आरएन वर्मा,लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी,संजय कोहले,दीपक साहू,शंकर ठाकुर,मनदीप सिंह भाटिया,पार्षद देवनारायण चन्द्राकर,श्रीमती निर्मला साहू,बृजलाल पटेल,एल्डरमेन राजेश शर्मा,अजय गुप्ता,देव सिन्हा,अजयमिश्रा,भुवाल,अनूप वर्मा,राज कुमार पाली,निखिल खिचड़िया,सहायक अभियंता संजय ठाकुर आदि मौजूद रहें। विधायक अरुण वोरा ने संबोधित करते हुए कहा कि विकास कार्यो से क्षेत्र में जलभराव और जर्जर सड़को की समस्या से निजात मिलेगी। विधायक ने कहा राज्य शासन शहर के लिए विभिन्न सड़को के निर्माण कार्य के लिए सरकार द्वारा स्वीकृति राशि प्रदान की गई है। उन्होंने ये भी कहा शहर क्षेत्र विकास के लिए पैसे की कमी बिल्कुल नही है।

दुर्ग शहर के हर गली मोहल्ले में विकास कार्य हो रहा है और शेष बचे कार्यो को भी शीघ्र पूरा किया जाएगा।महापौर धीरज बाकलीवाल ने मौजूद अधिकारी व ठेकेदार को समय सीमा पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## INIFD भिलाई की छात्रा गीत बनी क्लासिक मिसेज इंडिया इंटरनेशनल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** गोवा में हुए मिस और मिसेज इंडिया 2023 ब्यूटी पेजेंट कांटेस्ट का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में भिलाई की आईएनआईएफडी की छात्रा गीत सोन ने क्लासिक मिसेस इंडिया इंटरनेशनल का ताज जीत कर भिलाई का परचम लहराया।

इस दौरान मशहूर मॉडल एवं मिस्टर वर्ल्ड रोहित खंडेलवाल ने गीत को ताज पहनाकर सभी जजो ने विजेता घोषित किया। गीत का चयन मिसेज छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता के विजेता होने के आधार पर ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए किया गया था।

इस तरह के आयोजनों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करने की अभिलाषा गीत ने जताई है।



## 2800 से अधिक परिवारों के लिए बना वरदान-मोर जमीन-मोर मकान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम, दुर्ग के शहरी गरीब 2600 से अधिक परिवारों को अपने पक्के घर में स्वाभिमान के साथ रहने का अवसर प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर जमीन मोर 1 ? मकान द्वारा प्रदान किया गया है। अपने दैनिक खर्चों एवं बच्चों की शिक्षा में ही बचत पूंजी खर्च हो जाती थी और अपने घर का सपना पूरा नहीं हो पाता था। हितग्राही द्वारा स्वयं आवास निर्माण योजना अन्तर्गत नगर पालिक निगम, दुर्ग द्वारा 2353 आवासों को पूर्ण कर दिया गया हैं तथा 537 आवास प्रगतिरत है।

इस योजना में अभी तक 5207 लाख रूपए हितग्राहियों के खातों में डी.बी.टी. के माध्यम से जारी किया गया है। आवासहीन गरीब परिवारों के अपने पहले पक्के घर के लिए 3266.98 लाख रू. केन्द्र सरकार तथा 2177.99 लाख रू. राज्य सरकार द्वारा सहायता प्रदान की गई है।सिकोला बस्ती, वार्ड क्रमांक 15, निवासी हमारी एक



हितग्राही श्रीमति विमला बाई साहू ने बताया कि उन्होंने सोंचा भी ना था कि खुद का पक्का मकान बना पाउंगी. इस सफल कहानी की मुख्य नायिका श्रीमति साहू है, जिन्होने अकेले अपने दोनो बच्चों कर लालन-पालन किया। आगे बतलाते हुए उन्होंने कहा कि आज ये 15 वर्ष पूर्व 2006 में इनके पिता इनको अकेला छोड़कर अन्यत्र कही चले गये थे।उस समय दोनो बच्चों की आयु क्रमशः मात्र 11 वर्ष एवं 8 वर्ष थी।मात्र दूसरी कक्षा तक की पढाई हुई हमारी इस सुपर वुमन ने हिम्मत नहीं हारी तथा दोनो बच्चों को इंजीनियरिंग की पढाई करवाई। आज मेरा स्वयं का पक्का मकान आवास बनकर तैयार होकर मैं अपने परिवार के साथ खुशी के साथ रह रही हूँ और गर्व से कहना चाहती हूँ कि, मैं भी पक्के मकान की मालिक बन गई । मैं और मेरा परिवार आजीवन नगर पालिक निगम, दुर्ग के प्रति आभारी रहेगा क्योंकि उनकी मेहनत से मुझे घर बनाने की प्रेरणा मिली !अब मुझे परिवार के साथ नई खुशियाँ एवं उसके साथ अपने पक्के घर में रहकर कोई डर नही लगता नही है, कितनी भी बारिश हो या तूफान आये मेरे पास तो मेरा खुद का पक्का मकान है।श्रीमति साहू ने बतलाया कि केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा दिए गए राशि रू. 2,28,750.00 की अनुदान राशि से इन्हें हिम्मत मिली तथा अब पक्के घर की वजह से दोनो बच्चों के लिए अच्छे परिवारों से वैवाहिक रिश्ते आ रहे है।

## सुप्रसिद्ध चित्रकार महेश चतुर्वेदी ने बच्चों को दिए पेंटिंग के टिप्स

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तथा राजयोगा एजुकेशन रिसर्च फाउंडेशन के शिक्षा प्रभाग द्वारा आयोजित उत्कर्ष समर कैंप के छठवें दिन इस्पात नगरी भिलाई के सुप्रसिद्ध चित्रकार महेश चतुर्वेदी ने बच्चों को चित्रकारी के टिप्स दिए।

आपने बच्चों को कहा कि के शांत एवं पवित्र वातावरण में आप अपने सुंदर भविष्य और सुंदर पेंटिंग का निर्माण कर सकते हैं। हमारी चित्रकारी की कला में हमेशा लक्ष्य का होना जरूरी है, जिससे



हम समाज में बदलाव या परिवर्तन ला सकते हैं। आपने बच्चों को रंगों के कॉन्बिनेशन तथा चित्रकारी की बारीकियों से अवगत कराया । कार्यक्रम का दूसरा सत्र शुरू होने से पहले बीच में ज्ञानी ध्यानी गुरु जी प्रकट हो गए तथा उन्होंने बच्चों से अभी तक के हुए समर कैंप के सवाल पूछना शुरु कर दिए। बच्चे उन्हें अपने बीच पाकर खुश हो गए।प्रथम दिन से समर कैंप में बताए गए सभी बातों को रिवीजन किए । बच्चों में शक्ति और बल भरने के लिए मुख्य रूप से भिलाई सेवा केंद्रों की निर्देशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी हर बच्चे के सम्मुख उनके द्वारा बनाए गए पेंटिंग को देखकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा कहा कि हर कार्य का सम्मान करना चाहिए कोई भी कार्य छोटा बड़ा नहीं होता।

## कौशल प्रशिक्षण हेतु काउंसलिंग कल

**दुर्ग।** राज्य शासन के 'बेरोजगारी भत्ता योजना' के तहत पात्र युवाओं को उनके द्वारा बेरोजगारी भत्ता पोर्टल में आवेदित एवं चयनित कोर्स अनुरूप राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रथम चरण में असिसटेंट इलेक्ट्रिशियन एवं डोमेस्टिक इलेक्ट्रिशियन सॉल्युशन कोर्स में कौशल प्रशिक्षण हेतु इच्छुक आवेदकों का काउंसलिंग 11 मई 2023 को प्रातः 11 बजे से लाईवलीहुड कॉलेज, ए मार्केट के पास, सेक्टर-6 भिलाई में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण हेतु इच्छुक आवेदक दो पार्सपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड एवं शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित हो सकते है। जिले के वेबसाईट www.durg.gov.in पर उपलब्ध है।

# खिलाड़ियों के लिए सुखद खबर महापौर नीरज पाल की पहल से, शहर में दूसरी बार समर कैंप का होगा आयोजन

### आज से करा सकते हैं पंजीयन, समर कैंप में 25 अलग-अलग खेलों के होंगे आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। महापौर नीरज पाल की पहल से शीघ्र ही समर कैंप का आयोजन शहर में दूसरी बार होने वाला है। इसके लिए दिनांक 10 मई दिन बुधवार से पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। आसानी से विभिन्न खेलों के प्रयोजन के मुताबिक खेल में रुचि रखने वाले अपना पंजीयन करा सकते हैं। समर कैंप में 25 खेल को शामिल किया गया है, जिसमे खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे और प्रशिक्षित अनुभवी कोच से खेल के बारीकियों के गुर सीखेंगे। विभिन्न प्रकार के खेलों में भाग लेने के लिए पंजीयन प्रक्रिया करानी होगी।**




समर कैंप में भाग लेने के लिए इनके पास कराए पंजीयन समर कैंप में भाग लेने के लिए पंजीयन कराना होगा। क्रिकेट के लिए हाउसिंग बोर्ड मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में परमजीत सिंह मोबाइल नंबर 94255 18998, फुटबॉल के लिए शांति नगर दशहरा मैदान में डीजीएस पिल्लई मोबाइल नंबर 78981 64399, बैडमिंटन के लिए जूही अरोरा कंपलेक्स बैडमिंटन अकैडमी वैशाली नगर एवं मल्टीपरपज हॉल स्मृति नगर में प्रवीण उपाध्याय मोबाइल नंबर 74895 99530, टेनिस के लिए जायका बेकरी के पीछे स्मृति नगर खेल परिसर में राजेश पाटील मोबाइल नंबर 9893166755, खो-खो के लिए सेक्टर 4 खो-खो कंपलेक्स में आरपी गुप्ता मोबाइल नंबर 94790 11 067, टेबल टेनिस के लिए जवाहर नगर स्पोर्ट्स कंपलेक्स में प्रेमराज जाचक मोबाइल नंबर 93290 23553, बॉक्सिंग के लिए जवाहर नगर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में सुरेश मोबाइल नंबर 9770 778729 एवं राधिका नगर में आर के यादव के मोबाइल नंबर 98 26197 166, एथलेटिक्स के लिए आईटीआई मैदान खुर्सीपार में अनिरुद्ध मोबाइल नंबर 99261 16160, कबड्डी के लिए खुर्सीपार जोन क्रमांक 3 में हरिंदर मोबाइल नंबर 99812 61104, शतरंज के लिए सेक्टर 7 सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अलंकार मोबाइल नंबर 94079 81054, वॉलीबॉल के लिए वैशाली नगर में नीलिमा गुप्ता 76971 10800, हैंडबॉल के लिए सेक्टर 4 हैंडबॉल कांप्लेक्स में बी डी कुरपट्टी मोबाइल नंबर 7000 490068, बास्केटबॉल के लिए केपीएस स्कूल में आर एस गौर मोबाइल नंबर 94255 65227, जूडो के लिए हाउसिंग बोर्ड 32 एकड़ मल्टीपरपज हॉल में पी किशोर मोबाइल नंबर 99934 15686 विजय नाग 70003 93700, कराटे के लिए जवाहर नगर स्पोर्ट्स कंपलेक्स में लक्ष्मी तिवारी 911 1130 519, किक बॉक्सिंग के लिए केपीएस स्कूल में गिरि राव मोबाइल नंबर 98931 12356, रेसलिंग के लिए जवाहर नगर स्पोर्ट्स कंपलेक्स में जगन्नाथ यादव मोबाइल नंबर 98260 95852, बॉडी बिल्डिंग के लिए इंटेंसिटी डेन जिम के पीछे पी सोलोमोन मोबाइल नंबर 79 9994 6272, पावर लिफ्टिंग के लिए सेक्टर 6बी मार्केट के पास पावर जिम में कृष्णा साहू मोबाइल नंबर 999 332 6777, आर्म रेसलिंग के लिए एवं रस्साकशी के लिए जवाहर नगर स्पोर्ट्स कंपलेक्स में सनी बंछोर मोबाइल नंबर 78690 19016, श्रीकांत मोबाइल नंबर 6260 112 385 एवं शूटिंग के लिए सेक्टर 8 स्टेट 44 में नीरज मोबाइल नंबर 94252 42458, मिक्स मार्शल आर्ट शांति नगर वारियर अकादमी में नितिन सिंह मोबाइल नंबर 96303 03100 पर संपर्क कर सकते हैं।

# आधार अपडेशन के लिए वार्ड क्षेत्रों में आज से निगम लगा रहा है शिविर

### आयुष्मान कार्ड के लिए भी आधार अपडेशन है जरूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने का काम डोर टू डोर किया जा रहा है परंतु इसके लिए आधार कार्ड का अपडेशन होना जरूरी है। आधार कार्ड अपडेट नहीं होने के चलते कई लोग आयुष्मान कार्ड से वंचित हो सकते हैं। जिसको देखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा आधार कार्ड अपडेशन के लिए 30 मई तक शिविर का आयोजन वार्ड क्षेत्रों में किया जा रहा है।

निगम आयुक्त रोहित व्यास ने शिविर का आदेश जारी कर दिया है। शिविर के लिए नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति कर दी गई है। आदेश के मुताबिक नोडल जोन आयुक्त होंगे और पूरी मॉनिटरिंग करेंगे। गौरतलब है कि भिलाई निगम के द्वारा डोर टू डोर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन आधार अपडेशन नहीं होने के कारण आयुष्मान कार्ड बनाने में दिक्कतें हो रही है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड एवं आधार कार्ड होना जरूरी है। राशन कार्ड निगम के जोन कार्यालय के चॉइस सेंटर में बनाया जा सकता है। आयुष्मान कार्ड बनाने इन वार्ड क्षेत्रों में आधार अपडेशन के लिए लगेगा शिविर, शिविर का उठाए लाभ और बनाएं आयुष्मान कार्ड दिनांक 10.05.2023 को वार्ड क्रं. 01 जुनवानी सांस्कृतिक भवन खम्हरिया, वार्ड क्रं. 14 शांति नगर दशहरा मैदान गणेश मंच के पास पार्षद कार्यालय, वार्ड क्रं. 30 प्रगति नगर स्वास्थ्य कार्यालय पानी टंकी, वार्ड क्रं. 38 सोनिया गांधी नगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्रं. 57 सेक्टर 04 पूर्व सड़क 12 व 13 के बीच मंच, दिनांक 11.05.2023 को वार्ड क्रं. 02 स्मृति नगर राधा कृष्ण मंदिर त्रिवेणी नगर, वार्ड क्रं. 15 अम्बेडकर नगर अम्बेडकर भवन, वार्ड क्रं. 31 मदर टेरेसा नगर कर्मा भवन पार्षद कार्यालय के समीप, वार्ड क्रं. 39 चन्द्रशेखर आजाद नगर खेल मैदान सामुदायिक भवन के पीछे सुभाष नगर, वार्ड क्रं. 58 सेक्टर 04 पश्चिम सड़क 27 पार्षद कार्यालय के पास, दिनांक 12.05.2023 को वार्ड क्रं. 03 मॉडल टाउन पंचमुखी गार्डन सांस्कृतिक गार्डन, वार्ड क्रं. 16 सुपेला बाजार सामुदायिक भवन दुबे पशु आहार के पास, वार्ड क्रं. 32 बैकुण्ठधाम सुंदर नगर पुराना स्वास्थ्य कार्यालय, वार्ड क्रं. 40 शहीद चुम्मन यादव छावनी सांस्कृतिक भवन मंगल बाजार छावनी, वार्ड क्रं. 59 सेक्टर 05 पूर्व संत विजय एडोटोरिया, दिनांक 15.05.2023 को वार्ड क्रं. 04 नेहरू नगर सियान सदन, वार्ड क्रं. 39 राजीव नगर राम जानकी मंदिर, वार्ड क्रं. 33 संतोषी पारा केम्प 02 स्वास्थ्य कार्यालय दुबेलिया साहू समाज के पास, वार्ड क्रं. 41 औधोगिक क्षेत्र छावनी सामुदायिक भवन आदि है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950